Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक

# वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 321 | गुरूवार, 26 नवम्बर-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# दो लड़के चुनाव परिणाम से पहले ही हो चुके विफल: सीएम योगी

## हमारा वोट बैंक है हर राष्ट्रवादी नागरिक, भाजपा की राजनीति में तुष्टिकरण नहीं, सबका संतुष्टिकरण: मुख्यमंत्री

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले ये दो लड़कों की जोड़ी चुनाव परिणाम आने के बाद विफल होती थी, लेकिन इस बार चुनाव से पहले ही ये विफल हो चुके हैं। गठबंधन की राजनीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर बैठकें हो रही हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। इससे बड़ा अपमान क्या होगा? मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि दोनों दलों के बीच एक-दूसरे को शह और मात देने की राजनीति चल रही है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस की ऐसी स्थिति उसकी नकारात्मक सोच का परिणाम है। जनता बार-बार इन दलों को खारिज कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक निजी न्यूज चैनल के शिखर सम्मेलन में संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की बदली तस्वीर, कानून-व्यवस्था, निवेश, रोजगार, विपक्ष की राजनीति, गठबंधन, आगामी चुनाव और अपनी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए।



### सपा-कांग्रेस के गठबंधन पर तंज, एनडीए में कोई विवाद नहीं

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गठबंधन के अपने धर्म, नियम, मान्यताएं और शिष्टाचार होते हैं। लेकिन दोनों दलों के बीच जिस तरह की स्थिति दिखाई दे रही है, वह उनके आपसी तालमेल पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कटाक्ष किया कि इनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि एक तरफ अपमानित हो रहे हैं और दूसरी तरफ उसी को सामान्य बताने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, एनडीए में सीटों के बंटवारे और सहयोगी दलों के बीच कथित मतभेदों पर उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समेत सभी सहयोगी दल एनडीए का हिस्सा हैं। सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन में किसी तरह का विवाद नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के लोग एनडीए की एकजुटता को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

### राम भक्तों से समाजवादी पार्टी को माफी मांगनी चाहिए

अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे और समाजवादी पार्टी की सनातन के प्रति बदली राजनीतिक भाषा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो नावों की सवारी हमेशा खतरनाक होती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या जाना अच्छी बात है, लेकिन समाजवादी पार्टी को रामभक्तों से माफी भी मांगनी चाहिए। यदि 90 के दशक में ही यह सद्बुद्धि आ गई होती तो रामभक्तों पर गोली चलाने की नौबत नहीं आती। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफी मांगने से कोई व्यक्ति छोटा नहीं होता। उन्होंने अपने राजनीतिक आधार को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा का वोट बैंक हर वह राष्ट्रवादी नागरिक है, जो भारत के संविधान और देश की विरासत में विश्वास करता है।

## प्रगति बैठक में 78000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की समीक्षा

# पीएम मोदी बोले- काम में देरी से होता है बड़ा नुकसान

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 78,000 करोड़ रुपये से अधिक की कुल लागत वाली पांच महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की और सभी संबंधित पक्षों से लंबित मुद्दों को स्पष्ट जिम्मेदारी और व्यावहारिक समयसीमा के साथ सुलझाने को कहा। प्रगति (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) की 55वें बैठक में इन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मोदी ने कहा कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में देरी का असर केवल लागत बढ़ने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे नागरिकों, कारोबार और अर्थव्यवस्था को मिलने वाले अपेक्षित लाभ भी टल जाते हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, बैठक में मोदी ने सड़क, बिजली, कोयला और रेलवे क्षेत्रों की पांच महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की। बयान के अनुसार इनकी कुल लागत 78,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके साथ ही उन्होंने उन्नत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल एवं रोजगारपरकता परिवर्तन योजना (पीएम-सेतु) पहल के कार्यान्वयन सहित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की व्यवस्था की भी समीक्षा की।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''आज की प्रगति बैठक में 78,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें सड़क, रेलवे, बिजली और कोयला क्षेत्र शामिल हैं।'' उन्होंने कहा, ''इसके साथ ही भारत में आईटीआई व्यवस्था और पीएम-सेतु के कार्यान्वयन की व्यापक समीक्षा की गई। कौशल विकास हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।'' बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री कौशल एवं रोजगारपरकता परिवर्तन योजना (पीएम-सेतु) के कार्यान्वयन सहित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित मंत्रालयों और राज्य सरकारों से लंबित मुद्दों को स्पष्ट जिम्मेदारी और व्यावहारिक समयसीमा के साथ सुलझाने का आ'ान किया। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के साथ निर्माण की गुणवत्ता के उच्च मानक भी सुनिश्चित किए जाने चाहिए। यह मंच केंद्र और राज्य सरकारों को एक साथ लाता है, ताकि परियोजनाओं और कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके और उनके क्रियान्वयन में सुधार हो।

# दुनिया की कोई भी ताकत नहीं चाहती भारत तरक्की करे, उनकी दुकानें बंद हो जाएंगी: मोहन भागवत



### भारत नफरत करने वालों देशों की भी मदद करता है

भागवत ने आगे कहा कि भारत सभी की मदद करना चाहता है और उन देशों को भी सहायता देता है, जो उससे नफरत करते हैं। उन्होंने कहा, 'दुनिया की कोई भी ताकत नहीं चाहती कि भारत आगे बढ़े, क्योंकि वे केवल अपना वर्चस्व कायम करना चाहती हैं और 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' के सिद्धांत में विश्वास करती हैं, वे सभी को दबाव में रखना चाहती हैं। अगर भारत तरक्की करता है, तो उनकी दुकानें बंद हो जाएंगी, क्योंकि भारत सभी की मदद करना चाहता है। भारत अपने उन पड़ोसी देशों की भी मदद करता है, जो उससे नफरत करते हैं।'

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत नहीं चाहती कि भारत प्रगति करे, क्योंकि उनकी दुकानें बंद हो जाएंगी। वैश्विक शक्तियां अपना वर्चस्व कायम करना और दूसरों को दबाव में रखना चाहती हैं और वे 'सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट' के सिद्धांत में विश्वास करती हैं। फर प्रमुख मोहन भागवत महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में पांचवें पद्मा महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) भी मंच पर मौजूद थे। स्थानीय संस्था ज्ञानयज्ञ फाउंडेशन ने तीन दिवसीय पद्मा महोत्सव का आयोजन किया है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के पद्म पुरस्कार विजेता एक मंच पर जुटते हैं और लोगों से संवाद करते हैं।

आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा कि युवा पीढ़ी गुलामी की मानसिकता से मुक्त है। 'अगर कोई सच्ची बात कहता है, तो युवा उसके साथ खड़े होने के लिए तैयार रहते हैं। वे झूठ से नफरत करते हैं और अपने देश को महान बनाना चाहते हैं।' महोत्सव का उद्घाटन समारोह शहर में बीड बाईपास रोड स्थित एमआईटी परिसर के मंथन हॉल में आयोजित किया गया। आयोजकों ने बताया कि बुधवार दोपहर से मंथन हॉल में पद्मश्री पुरस्कार विजेताओं के साथ संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। पूर्व सीडीएस जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) ने अपने संबोधन में कहा कि 'विकसित भारत' के सबसे बड़े योगदानकर्ता और सबसे बड़े लाभार्थी देश के युवा होंगे।

## वरिष्ठ वकीलों के चैंबर में एक तिहाई महिला जूनियर अनिवार्य हों: सीजेआई



**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कानून के पेशे में महिलाओं की अधिक भागीदारी का आ'ान करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ताओं से कहा है कि उनके चैंबरों में कम से कम एक तिहाई जूनियर वकील महिला होनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने बुधवार को यहां सीरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स में श्रीमती शशिप्रभा सिंह स्मृति पुरस्कार समारोह का उद्घाटन करते हुए पैनल के वकीलों में भी अधिक महिलाओं की नियुक्ति पर जोर दिया ताकि बार में उनकी सहभागिता और प्रतिनिधित्व मजबूत हो। उच्चतम न्यायालय बार संघ के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह की दिवंगत मां की स्मृति में शुरू किया गया यह पुरस्कार चार महिला युवा वकीलों को मुकदमों में उनकी क्षमता और योगदान पर ध्यान देते हुए दिया गया।

# कठिन समीकरण वाली सीटों पर दोनों दल मिलकर तय करेंगे उम्मीदवार: अखिलेश

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आगामी चुनावों में कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर सीटों के तालमेल पर बड़ा प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा है कि यह ऐतिहासिक अवसर है, जब दोनों पंथनिरपेक्ष पार्टियां मिलकर साम्प्रदायिक भाजपा और उसकी संकीर्ण सोच वाले सहयोगियों को हराकर देश को गलत हाथों में जाने से बचा सकती हैं।

सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में उन्होंने बुधवार को सीटों के बंटवारे के बजाय इसे 'सीट समायोजन' का नाम देते हुए स्पष्ट किया कि गठबंधन का उद्देश्य सीटों की संख्या तय करना नहीं, बल्कि अधिक से अधिक सीटों पर जीत सुनिश्चित करना होना चाहिए।

अखिलेश यादव ने कांग्रेस नेतृत्व से कहा है कि दोनों दलों के बीच जिन 26 सीटों पर बातचीत हो चुकी है, उनके अतिरिक्त अन्य सभी संभावित सीटों को प्राथमिकता के आधार पर चिह्नित कर सूची भेजी जाए। इसके बाद दोनों दल बैठकर प्रत्येक सीट पर जीत की संभावना और उम्मीदवार की स्थिति का आकलन करेंगे। उन्होंने कहा कि सपा अपने चुनावी आकलन और गणितीय समीकरणों के आधार पर कांग्रेस को ऐसी कई सीटों के बारे में भी बता सकती है, जिन पर उसने अभी तक विचार नहीं किया है।

सपा प्रमुख ने कहा कि दोनों दलों के बीच सीटों का समायोजन इस आधार पर होना चाहिए कि जिन सीटों पर वे चुनाव लड़ें, उनमें जीतने वाली सीटों की संख्या हारने वाली सीटों से अधिक हो। सम्मानजनक समझौते का आधार भी जीत ही होगी, क्योंकि जीती हुई सीट ही सम्मान दिलाती है।

उन्होंने गठबंधन के प्रत्याशियों को 'इंडिया गठबंधन' के उम्मीदवार के बजाय 'पीडीए प्रत्याशी' के रूप में प्रस्तुत करने की पैरवी की। अखिलेश ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस संगठन ने पीडीए के साथ जिस तरह सहयोग किया, वह सराहनीय रहा। दोनों दलों ने मिलकर भाजपा को पराजित किया था और इस बार भी मिलकर उत्तर प्रदेश के साथ केंद्र में भाजपा को हराने का प्रयास करेंगे।

अखिलेश यादव ने दावा किया कि जमीनी सर्वेक्षणों से यह बात सामने आई है कि शहरों, मोहल्लों, गलियों और गांवों तक यह संदेश पहुंच चुका है कि जो पीड़ित है, वही पीडीए है। उनके मुताबिक प्रदेश के विभिन्न समाजों और वर्गों के पीड़ित, दुखी और अपमानित लोग भाजपा के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीडीए ही एनडीए को हराएगा और परिवर्तन लाएगा।

# करोड़ों की गाड़ियां धूल फांक रहीं शहर प्रदूषण की मार झेल रहा!

ललित शर्मा

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शहर में धूल और प्रदूषण पर काबू पाने के लिए नगर निगम के जलकल विभाग ने करीब तीन महीने पहले पानी छिड़कने वाली गाड़ियां खरीदीं। लेकिन आरोप है कि ये गाड़ियां अब तक सड़कों पर नहीं उतरीं और रजिस्ट्रेशन के इंतजार में खड़ी हैं। जनता के करोड़ों रुपये खर्च करके खरीदी गईं गाड़ियां अगर काम ही नहीं कर रहीं, तो फिर इन्हें खरीदने का मकसद क्या था? एक ओर शहरवासी धूल और प्रदूषण से परेशान हैं, दूसरी ओर राहत देने वाली गाड़ियां निगम परिसर में खड़ी हैं। सवाल उठ रहा है कि खरीद के बाद इनके रजिस्ट्रेशन और संचालन की जिम्मेदारी किसकी थी–और तीन महीने तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? सूत्रों ने दावा किया है कि अधिकारियों के बीच कथित कमीशनखोरी के चलते प्रक्रिया अटकी हुई है, लेकिन निगम को देरी की वजह साफ करनी चाहिए। आखिर करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी ये गाड़ियां सड़कों पर क्यों नहीं दिख रहीं? जिम्मेदार अधिकारी जवाब दें–गाड़ियां कब चलेंगी और शहर को धूल से राहत कब मिलेगी?

### धूल फांकते वाहन




# मंदिर ट्रस्ट ने नहीं दी मंजूरी, तमिलनाडु सरकार ने दीपाथून' में दीप प्रज्वलित न कर पाने के लिए सुप्रीम कोर्ट से मांगी माफी



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी। यह माफी 24 नवंबर को तिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित विवादित 'दीपाथून' (दीप स्तंभ) पर पारंपरिक दीपक न जला पाने के कारण मांगी गई। राज्य सरकार ने बताया कि मंदिर के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने उस टीम को ऐसा करने की अनुमति नहीं दी थी, जिसे यह काम सौंपा जाना था। मदुरै के जिला कलेक्टर निशांत कृष्ण द्वारा सौंपी गई एक स्टेटस रिपोर्ट में, राज्य सरकार ने जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच को बताया कि जिला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के 20 नवंबर के आदेश को लागू करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं। इस आदेश में मंदिर प्रशासन द्वारा अधिकृत एक सीमित टीम के जरिए 'दीपाथून' (पत्थर के खंभे) पर दीपक जलाने की अनुमति दी गई थी। हालांकि, राज्य सरकार ने रिपोर्ट में बताया कि सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश का पालन नहीं किया जा सका, क्योंकि मंदिर के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने दीपक जलाने के लिए प्रस्तावित टीम को मंजूरी नहीं दी।

### विजय सरकार ने मांगी माफी

स्थिति रिपोर्ट में कहा गया है, मैंने सद्भावना के साथ अदालत के आदेश का पालन करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए। मेरी ओर से इस माननीय अदालत के किसी भी निर्देश की जानबूझकर अवहेलना नहीं की गई है। मैं इस माननीय अदालत के आदेशों का अत्यंत सम्मान करता हूं और इसके द्वारा दिए जाने वाले प्रत्येक निर्देश का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने कहा दीपथून पर दीप प्रज्वलित नहीं किए जाने के लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूं। जिला प्रशासन ने देवस्थानम की अनुमति प्राप्त करने और दीपथून में दीप प्रज्वलित करने के लिए हर संभव प्रयास किया। हालांकि, न्यासी बोर्ड ने 24 नवंबर को पारित अपने प्रस्ताव में पारंपरिक स्थान पर प्रज्वलित करने का निर्णय लिया। मैं सभी सहायक दस्तावेजों के साथ एक अतिरिक्त स्थिति रिपोर्ट भी दाखिल करूंगा।'' जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन ने दीपथून में दीप प्रज्वलन को लेकर देवस्थानम की अनुमति प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किया। उच्च न्यायालय ने औपचारिक दीप प्रज्वलन की अनुमति देने संबंधी मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध मुख्य याचिका पर अंतिम सुनवाई अगले वर्ष जनवरी में तय की है। यदि इस मामले में कोई अवमानना याचिका दायर की जाती है, तो पीठ उस पर भी विचार कर सकती है।

## संपादक की कलम

# चुनावी महासंग्राम की राह पर उत्तर प्रदेश



ललित शर्मा
संपादक

उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सदस्यों के लिये होने वाले आम चुनाव, फरवरी-मार्च 2027 में होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के साथ ही देश के 4 अन्य राज्यों पंजाब, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में भी संभवत: फरवरी-मार्च 2027 की शुरूआत में ही विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इन सभी पाँचों राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल मार्च से मई 2027 के बीच समाप्त हो रहा है। इन पांच राज्यों के अलावा, वर्ष 2027 के अंत यानी नवंबर-दिसंबर में दो अन्य राज्यों गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव निर्धारित हैं। इन विधान सभा चुनावों को 2029 के प्रस्तावित लोकसभा चुनावों के सेमी फाइनल के रूप में भी देखा जा रहा है। वैसे तो इन सभी पांचों राज्यों में चुनाव बेहद दिलचस्प होने की संभावना है परन्तु सबसे चुनौतीपूर्ण चुनाव उत्तर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के आधार अपनी चुनावी बिसात बिछाने वाला देश का यह सबसे बड़ा प्रदेश इस बार न केवल साम्प्रदायिक बल्कि जातीय समीकरणों में भी बुरी तरह उलझ चुका है। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर के बाद, निर्वाचन आयोग ने 2027 विधानसभा चुनाव से पहले ड्राफ़्ट मतदाता सूची जारी कर दी है और नाम जोड़ने व सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 17 नवंबर 2026 को जारी ड्राफ़्ट मतदाता सूची में उत्तर प्रदेश में कुल 13.58 करोड़ मतदाता दर्ज किए गए हैं। 10 अप्रैल 2026 को एसआईआर के बाद प्रकाशित अंतिम सूची की तुलना में इस मसौदा सूची में 18,84,113 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में महिला मतदाताओं की संख्या में 10,96,828 और पुरुष मतदाताओं की संख्या में 7,87,449 का इजाफा हुआ है। इससे पहले एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान 15.44 करोड़ मतदाताओं की जांच के बाद 12.55 करोड़ नाम बरकरार रखे गए थे और लगभग 2.89 करोड़ नाम सूची से हटाए गए थे। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि पंचायत और विधानसभा मतदाता सूची के भ्रम के कारण 1 करोड़ 27 लाख हिंदू मतदाताओं के नाम सूची में नहीं जुड़ पाए हैं। इसके मद्देनजर भाजपा ने हर बूथ पर मतदाता जोड़ने के लिए एक महीने का विशेष अभियान शुरू किया है। इसी तरह समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी ने भी मतदाता सूची में संभावित गड़बड़ियों और नाम कटने के मुद्दों पर सवाल उठाए हैं और अपने कार्यकताओं को मतदाता सूची की निगरानी के लिए सक्रिय किया है। उधर मुस्लिम समाज भी न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर जानबूझ कर पूर्व नियोजित तरीके से एक बड़ी साजिश के तहत मुस्लिम मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायत कर रहा है। उत्तर प्रदेश के इस चुनाव में जहां भाजपा बनाम इण्डिया गठबंधन (कांग्रेस+समाजवादी पार्टी) चुनावी मुकाबला होने की संभावना थी वहीँ मायावती की बहुजन समाज पार्टी भी शुरू से ही अपनी डफली अलग ही बजा रही है। कुछ राजनैतिक विश्लेषक इसे मायावती द्वारा भाजपा को लाभ पहुँचाने की कोशिश की नजर से भी देख रहे हैं। परन्तु पिछले दिनों असदुद्दीन ओवैसी की ए आई एम आई एम ने उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से लोकसभा सांसद और 'भीम आर्मी' के प्रमुख चंद्रेशखर की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से चुनाव पूर्व समझौता कर उत्तर प्रदेश के राजनैतिक हल्कों में खलबली पैदा कर दी है। बसपा जैसे दलों की सक्रियता से मुस्लिम वोटों के बंटवारे की संभावना पर जहां पहले भी चर्चा होती रही है वहीँ चुनाव नजदीक आने पर बने ओवैसी चंद्रशेखर के यह नये समीकरण व इसके द्वारा उठाये जाने वाले धर्मस्थल विध्वंस,लक्षित एस आई आर,अवैध घुसपैठ, धर्मांतरण, धार्मिक जुलूसों जैसे अनेक ऐतिहासिक विवादों पर तीखे बयान सामाजिक और साम्प्रदायिक संवेदनशीलता को और भी बढ़ा रहे हैं।

# पंजाब में भाजपा-अकाली गठबंधन: सत्ता परिवर्तन की नई आहट



ललित गर्ग
लेखक




पंजाब की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल का छह वर्ष बाद फिर साथ आना केवल दो राजनीतिक दलों के बीच गठबंधन की वापसी नहीं है, बल्कि यह पंजाब के बदलते राजनीतिक समीकरणों की महत्वपूर्ण आहट है, इससे आम आदमी पार्टी का संकट बढ़ेगा और पंजाब के राजनीतिक समीकरण बदलेंगे। गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर घोषित यह गठबंधन 2027 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की सरकार के सामने एक मजबूत चुनौती के रूप में उभर सकता है। दोनों दलों का पुराना राजनीतिक रिश्ता, साझा शासन का अनुभव और एक-दूसरे के पूरक सामाजिक आधार इस गठबंधन को विशेष महत्व देते हैं। हालांकि चुनावी राजनीति में किसी गठबंधन की घोषणा सत्ता परिवर्तन की गारंटी नहीं होती, लेकिन इतना निश्चित है कि पंजाब में अब मुकाबला पहले की तुलना में अधिक रोचक, प्रतिस्पर्धी और त्रिकोणीय हो गया है। भाजपा और अकाली दल का संबंध राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के औपचारिक गठन से भी पुराना है। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और प्रकाश सिंह बादल के दौर में दोनों दलों ने जिस राजनीतिक साझेदारी की नींव रखी थी, वह लंबे समय तक पंजाब की राजनीति में सफल मॉडल बनी रही। अकाली दल का ग्रामीण और सिख समाज में प्रभाव तथा भाजपा का शहरी हिंदू, व्यापारी और मध्यवर्गीय आधार एक-दूसरे के पूरक रहे। इसी सामाजिक और राजनीतिक समीकरण के कारण दोनों दलों ने मिलकर पंजाब में कई बार सत्ता हासिल की। लेकिन 2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर किसानों के व्यापक आंदोलन के बीच यह रिश्ता टूट गया। अकाली दल ने भाजपा से दूरी बनाई और हरसिमरत कौर बादल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। उस समय यह निर्णय किसानों की भावनाओं और पंजाब की राजनीतिक परिस्थितियों के दबाव में लिया गया था, लेकिन बाद के चुनावों ने यह भी दिखाया कि इस अलगाव की राजनीतिक कीमत दोनों दलों को चुकानी पड़ी।

2022 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 117 में से 92 सीटें जीतकर पंजाब की सत्ता पर शानदार ढंग से कब्जा किया। दूसरी ओर अकाली दल तीन और भाजपा केवल दो सीटों तक सिमट गई। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी दोनों दल अलग-अलग मैदान में उतरे। कांग्रेस ने सात, आम आदमी पार्टी ने तीन और अकाली दल ने एक सीट जीती, जबकि भाजपा एक भी सीट नहीं जीत सकी। हालांकि भाजपा का मत प्रतिशत करीब 18.6 प्रतिशत रहा और अकाली दल को भी लगभग 13.5 प्रतिशत वोट मिले। इससे स्पष्ट हुआ कि दोनों दलों के पास अलग-अलग पर्याप्त राजनीतिक आधार है, लेकिन अलग-अलग लड़ने पर वह वोट प्रभावी सीटों में परिवर्तित नहीं हो पा रहा है। अब छह वर्ष बाद दोनों दलों ने अपने अनुभवों से सबक लेते हुए फिर साथ आने का फैसला किया है। इसे राजनीतिक भूल-सुधार भी कहा जा सकता है और बदली परिस्थितियों की व्यावहारिक स्वीकृति भी। इस गठबंधन का सबसे बड़ा प्रभाव आम आदमी पार्टी पर पड़ना स्वाभाविक है। 2022 में आप को सबसे बड़ा लाभ विपक्ष के बिखरे होने से मिला था। कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा अलग-अलग चुनाव लड़ रहे थे और सत्ता विरोधी मत एकजुट विकल्प में परिवर्तित नहीं हो पाए। अब भाजपा और अकाली दल के साथ आने से यह समीकरण बदल गया है। भाजपा का शहरी और मध्यवर्गीय आधार तथा अकाली दल का ग्रामीण संगठन और पारंपरिक जनसंपर्क यदि प्रभावी ढंग से एक-दूसरे के पक्ष में वोट ट्रांसफर कर पाते हैं, तो आम आदमी पार्टी के लिए निश्चित रूप से चुनौती बढ़ेगी। यही कारण है कि इस गठबंधन को पंजाब की वर्तमान सरकार के लिए गंभीर राजनीतिक खतरे की शुरूआत माना जा सकता है।

भाजपा के लिए भी यह गठबंधन रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। पंजाब में उसने अपना मत प्रतिशत बढ़ाया है, लेकिन उसे सीटों में बदलने में कठिनाई रही है। अकेले चुनाव लड़कर व्यापक ग्रामीण और सिख सामाजिक आधार तक पहुंच बनाना उसके लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। अकाली दल के साथ आने से उसे पंजाब की स्थानीय सामाजिक संरचना में अधिक व्यापक पहुंच मिल सकती है। दूसरी ओर अकाली दल के लिए यह गठबंधन राजनीतिक पुनर्जीवन का अवसर है। कभी पंजाब की राजनीति की निर्णायक शक्ति रहे अकाली दल का जनाधार पिछले कुछ वर्षों में तेजी से कमजोर हुआ है। भाजपा के साथ लौटना उसके लिए केवल सत्ता में वापसी की कोशिश नहीं, बल्कि संगठन और कार्यकताओं में नया विश्वास पैदा करने का अवसर भी है। फिर भी इस गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता की है। छह वर्ष पहले जिस कृषि कानून मुद्दे पर दोनों दल अलग हुए थे, अब उसी रिश्ते को पुनर्जीवित करने पर स्वाभाविक सवाल उठेंगे। अकाली दल को अपने मतदाताओं को समझाना होगा कि परिस्थितियां क्यों बदलीं और आज भाजपा के साथ आने का आधार क्या है। भाजपा को भी किसानों के साथ संवाद की नई और भरोसेमंद भाषा विकसित करनी होगी। लोकतंत्र में गठबंधन बनाना राजनीतिक दलों का अधिकार है, लेकिन जनता के विश्वास का सम्मान करना उनकी जिम्मेदारी भी है। विचारधारात्मक मतभेदों के बावजूद साथ आना अपने आप में अवसरवाद नहीं है, समस्या तब होती है जब राजनीतिक दल अपने पुराने रुख और वर्तमान निर्णय के बीच कोई विश्वसनीय स्पष्टीकरण नहीं दे पाते।

पश्चिम बंगाल और दिल्ली के राजनीतिक अनुभवों की पृष्ठभूमि में पंजाब का घटनाक्रम भाजपा की रणनीति को समझने का एक अवसर देता है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने लंबे समय से मजबूत राजनीतिक आधार रखने वाली शक्तियों के बीच अपनी जगह बनाई और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की मजबूत सत्ता को चुनौती देकर सत्ता हासिल की।

# सरकारी नौकरी वाला दामाद चाहिए, तो दहेज की माँग पर कैसी चुप्पी?



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक



भारतीय समाज में विवाह को दो व्यक्तियों के बीच जीवनभर के साथ, विश्वास और जिम्मेदारियों का संबंध माना गया है। लेकिन बदलते सामाजिक परिवेश में विवाह की पवित्रता पर बाजारवाद की ऐसी छाया पड़ी है कि रिश्तों का मूल्यांकन अब व्यक्ति के संस्कार, विचार, व्यवहार और मानवीय गुणों से अधिक उसकी नौकरी, वेतन, पद और आर्थिक हैसियत से होने लगा है। विवाह के लिए लड़के की तलाश करते समय लड़की पक्ष की पहली प्राथमिकताओं में सरकारी नौकरी, अच्छा वेतन, अपना मकान, जमीन-जायदाद और सामाजिक प्रतिष्ठा शामिल हो जाती हैं। सरकारी नौकरी वाला दामाद मिल जाए तो परिवार स्वयं को भाग्यशाली समझता है। लेकिन इसी मानसिकता के भीतर एक ऐसा विरोधाभास छिपा है, जिस पर समाज खुलकर चर्चा करने से बचता है। यदि लड़की पक्ष सरकारी नौकरी वाले दामाद को प्राथमिकता देता है और लड़के वाला पक्ष बदले में ब्रेजा, ऑडी या महँगी गाड़ी की माँग रख देता है, तो क्या इसे केवल उसकी व्यक्तिगत पसंद कहकर स्वीकार कर लिया जाना चाहिए? क्या विवाह वास्तव में दो परिवारों का मिलन है या योग्यताओं और संपत्तियों की नीलामी का कोई मंच?

यह सवाल किसी एक परिवार, जाति, वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। यह उस सामाजिक मानसिकता पर चोट करता है, जिसमें विवाह को धीरे-धीरे आर्थिक लेन-देन का माध्यम बना दिया गया है। विडंबना देखिए कि लड़की के माता-पिता अपनी बेटी के लिए सरकारी कर्मचारी दामाद इसलिए चाहते हैं कि उसका भविष्य सुरक्षित रहे, उसे आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े और समाज में उसे सम्मान मिले। उनकी यह इच्छा अपने आप में अनुचित नहीं है। प्रत्येक माता-पिता अपनी संतान के सुखद भविष्य की कामना करते हैं। लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब इसी सुरक्षा की तलाश में वे लड़के की नौकरी को उसके संपूर्ण व्यक्तित्व का प्रमाणपत्र मान लेते हैं। सरकारी नौकरी मिलते ही लड़के का सामाजिक मूल्य बढ़ जाता है और विवाह के बाजार में उसकी कथित कीमत भी निर्धारित होने लगती है।

यहीं से दहेज की मानसिकता को खाद-पानी मिलता है। लड़के के परिवार को लगता है कि उनके बेटे ने प्रतियोगी परीक्षाएँ पास की हैं, वर्षों मेहनत की है, इसलिए विवाह में महँगी गाड़ी, नकदी, जमीन, फर्नीचर और अन्य सुविधाएँ माँगना उनका अधिकार है। दूसरी ओर लड़की का परिवार भी अपनी सामाजिक हैसियत और प्रतिष्ठा बचाने के लिए इन माँगों को पूरा करने की कोशिश करता है। कोई ब्रेजा को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेता है तो किसी की निगाह ऑडी पर टिक जाती है। माँग पूरी न होने पर रिश्ते टूट जाते हैं और कई बार लड़की के माता-पिता अपनी आर्थिक क्षमता से बाहर जाकर कर्ज तक उठा लेते हैं। सवाल यह है कि जिस सरकारी नौकरी को बेटी के सुरक्षित भविष्य की गारंटी समझा गया था, क्या उसी नौकरी के नाम पर उसके माता-पिता को आर्थिक बोझ तले दबाना उचित है?

दहेज की समस्या को केवल लड़के वालों के लालच तक सीमित करके देखने से भी सामाजिक तस्वीर अधूरी रह जाती है। लड़की पक्ष की वह मानसिकता भी आत्ममंथन की माँग करती है, जो अच्छे संस्कारों, शिक्षा, चरित्र और पारिवारिक व्यवहार की अपेक्षा सरकारी नौकरी और आर्थिक संपन्नता को सर्वोच्च स्थान देती है। जब हम स्वयं किसी व्यक्ति को उसकी नौकरी और वेतन के आधार पर सामाजिक प्रतिष्ठा देते हैं, तब अनजाने में उसी व्यवस्था को मजबूत करते हैं, जिसमें विवाह के नाम पर आर्थिक अपेक्षाएँ पैदा होती हैं। हालांकि इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं है कि लड़की पक्ष की प्राथमिकता के कारण लड़के वालों की दहेज माँग जायज हो जाती है। माँग करने वाला ही अपने आचरण के लिए जिम्मेदार है। किसी की पसंद या अपेक्षा दूसरे व्यक्ति के शोषण का अधिकार नहीं बन सकती।

वास्तविकता यह भी है कि सरकारी नौकरी की चमक के पीछे कई बार व्यक्ति के वास्तविक चरित्र को देखने की कोशिश ही नहीं की जाती। लड़का कितना जिम्मेदार है, उसका व्यवहार कैसा है, वह महिलाओं के प्रति कितना सम्मान रखता है, परिवार में निर्णय लेने की उसकी सोच क्या है, वह जीवनसाथी की स्वतंत्रता और आकांक्षाओं को कितना महत्व देगा, इन प्रश्नों को अक्सर गौण कर दिया जाता है। परिणामस्वरूप नौकरी और वेतन देखकर किए गए विवाह बाद में मानसिक उत्पीड़न, घरेलू कलह और आर्थिक दबाव का कारण बन जाते हैं। एक लड़की को केवल इसलिए अच्छा जीवन नहीं मिल सकता कि उसका पति सरकारी कर्मचारी है। अच्छा जीवन सम्मान, समानता, संवेदनशीलता और आपसी विश्वास से बनता है।

यहाँ एक और कड़वी सच्चाई को समझना जरूरी है। विवाह के बाद यदि बहू से यह अपेक्षा की जाती है कि वह घर की जिम्मेदारियाँ निभाए, परिवार की प्रतिष्ठा बनाए रखे और हर परिस्थिति में समझौता करे, तो दामाद से भी उतनी ही जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की अपेक्षा होनी चाहिए। विवाह कोई ऐसा अनुबंध नहीं है, जिसमें एक पक्ष अपनी नौकरी और पद के आधार पर विशेषाधिकार प्राप्त कर ले और दूसरा पक्ष अपनी आर्थिक तथा सामाजिक क्षमता से अधिक देने के लिए बाध्य हो जाए। यदि लड़की पढ़ी-लिखी है, आत्मनिर्भर है और परिवार की जिम्मेदारियों में योगदान देने में सक्षम है, तो उसकी योग्यता का सम्मान भी उतना ही जरूरी है जितना लड़के की नौकरी का।

भारतीय कानून भी इस मानसिकता को स्वीकार नहीं करता। दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के अंतर्गत दहेज लेना, देना और माँगना दंडनीय अपराध है। विवाह में स्वेच्छा से दिए गए उपहारों और दबाव, शर्त अथवा माँग के तहत लिए गए दहेज के बीच स्पष्ट अंतर है। कानून का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि समाज में ऐसी कुप्रथा को रोकना भी है। लेकिन कानून तभी प्रभावी होगा, जब परिवार स्वयं दहेज के विरुद्ध खड़े होंगे। केवल मंचों पर दहेज विरोधी भाषण देने और निजी जीवन में महँगी गाड़ियों तथा नकदी की अपेक्षा रखने से सामाजिक परिवर्तन नहीं आएगा।

माता-पिता को भी अपनी सोच बदलनी होगी। बेटी के लिए सरकारी नौकरी वाला दामाद खोजने से पहले ऐसे इंसान की तलाश करनी चाहिए, जो बेटी को बराबरी का दर्जा दे सके। लड़के वालों को भी समझना होगा कि बेटे की नौकरी उसकी मेहनत का परिणाम है, कोई ऐसी व्यावसायिक पूँजी नहीं, जिसे विवाह के बाजार में बेचकर कार या संपत्ति हासिल की जाए। यदि किसी परिवार को बेटे की शादी में गाड़ी चाहिए, तो उसे अपनी कमाई से खरीदने का साहस भी रखना चाहिए। बेटी के पिता की जेब को बेटे की उपलब्धियों का पुरस्कार समझना शर्मनाक सामाजिक सोच है।

समाज को यह भी तय करना होगा कि विवाह में सम्मान का पैमाना महँगी गाड़ी नहीं, बल्कि मानवीय व्यवहार होगा। ब्रेजा हो या ऑडी, इनसे किसी व्यक्ति का चरित्र बड़ा नहीं हो जाता। सरकारी नौकरी हो या निजी रोजगार, इससे किसी को दूसरे परिवार का आर्थिक शोषण करने का अधिकार नहीं मिल जाता। विवाह में दोनों पक्षों की सहमति, स्वतंत्रता और गरिमा सर्वोपरि होनी चाहिए।

आखिर कब तक बेटियों के माता-पिता अपनी जीवनभर की कमाई विवाह की भेंट चढ़ाते रहेंगे? कब तक योग्य दामाद की तलाश में बेटी के सुखद भविष्य को महँगी गाड़ियों की कीमत से तौला जाता रहेगा?

## खुद की खुद का करें विचार

## उदय कशोर साह

## कविता



धरा पे बस गई बेईमानों की बस्ती ।
लुप्त हो रहे हैं इन्सानों की हस्ती ।।
चल रहा है काला कारोबार की बजार ।
खुद से करिये खुद की सोंच का विचार ।।

लुट खसोट का आया कैसा ये जमाना ।
इश्क बना पागलपन का अफसाना ।।
अनैतिक रिश्ते की खुल गई कारोबार ।
खुद से करिये खुद की सोंच की विचार ।।

बुढ़े माता पिता का वृद्धाश्रम आशियाना ।
भूल गया औलाद मयार्दा का ठिकाना ।।
जन्मदाता की पीड़ा का कौन करे उपचार ।
खुद से करिये खुद की सोंच। का विचार ।।

लोक लाज दरिया में औखों ने । बहाया ।
आधुनिकता का कैसा चोला अपनाया ।।
भूल गया इन्सां खुद की खानदानी संस्कार ।
खुद से करिये खुद की सोंच का विचार ।।

मयार्दा किताब में आज छप कर आता ।
पर अमर्यादित भाषा जग से बतियाता ।।
रिश्ते नाते सब हो गये काफूर मेरे यार ।
खुद से करिये खुद की सोंच का विचार ।।

# विश्व युद्ध का नया परिदृश्य। संयुक्त राष्ट्र संघ अपने उद्देश्य में असफल



एनके शर्मा
लेखक



आज का वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहाँ कूटनीति की भाषा लगातार कमजोर पड़ती जा रही है और सैन्य शक्ति का प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय संबंधों का प्रमुख माध्यम बनता जा रहा है। पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि उसने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। हाल के दिनों में युद्धविराम और शांति वाताओं की चचाओं के बीच एक बार फिर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और उसके जवाब में ईरान की प्रतिक्रिया ने यह स्पष्ट कर दिया है कि स्थिति अभी भी अत्यंत नाजुक बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र संघ अपनी स्थापना के मूल उद्देश्य से सर्वथा असफल रहा है कुछ बाहुबली देशों की संयुक्त राष्ट्र कठपुतली बनकर रह गया है, इन परिस्थितियों में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका का पुनर्गठन आवश्यक हो गया है। अंतरराष्ट्रीय समाचारों के अनुसार हालिया संघर्ष में अमेरिका ने ईरान पर नए सैन्य हमले किए हैं और अमेरिकी नेतृत्व ने युद्धविराम व्यवस्था के प्रभावी न रहने की बात कही है, जिससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

इतिहास बताता है कि शांति वाताएँ तभी सफल होती हैं जब सभी पक्ष समझौते के प्रति वास्तविक प्रतिबद्धता रखें। यदि वाताओं के समानांतर सैन्य तैयारियाँ और शक्ति प्रदर्शन जारी रहें, तो स्वाभाविक रूप से अविश्वास बढ़ता है। यही कारण है कि आज अनेक रणनीतिक विश्लेषक यह प्रश्न उठा रहे हैं कि क्या वर्तमान वाताएँ स्थायी शांति की दिशा में बढ़ रही हैं या केवल समय प्राप्त करने का माध्यम बन रही हैं। यह एक दृष्टिकोण है, किंतु इसका अंतिम निष्कर्ष भविष्य की घटनाएँ ही तय करेंगी। अमेरिका का तर्क रहा है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय गतिविधियाँ उसके सहयोगियों तथा अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा के लिए चुनौती हैं। दूसरी ओर ईरान लगातार यह कहता आया है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है और उसकी संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए। इजरायल लंबे समय से ईरान को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा मानता है। इन परस्पर विरोधी दृष्टिकोणों ने विश्वास का ऐसा संकट पैदा कर दिया है, जिसने समाधान की राह को अत्यंत कठिन बना दिया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयानों ने भी अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। उन्होंने संकेत दिया है कि यदि अमेरिकी हितों या अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर खतरा बना रहा तो आगे भी सैन्य कार्रवाई की जा सकती है। दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र तथा अनेक देशों ने सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और संवाद के माध्यम से समाधान खोजने की अपील की है। यदि यह संघर्ष और व्यापक होता है तो उसका सबसे पहला प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। पश्चिम एशिया विश्व के ऊर्जा संसाधनों का प्रमुख केंद्र है। होरमुज जलडमरूमध्य से होकर विश्व के बड़े हिस्से का तेल परिवहन होता है। यदि वहाँ अस्थिरता बढ़ती है तो कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि होना स्वाभाविक है। इसका सीधा असर भारत जैसे ऊर्जा आयातक देशों पर पड़ेगा। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, परिवहन, खाद्य पदार्थ और औद्योगिक उत्पादन सभी महँगे हो सकते हैं। महँगाई बढ़ने से सबसे अधिक कठिनाई निम्न एवं मध्यम वर्ग को होगी।

आर्थिक संकट के साथ-साथ मानवीय संकट भी गहरा सकता है। युद्ध केवल सैनिकों को ही नहीं, बल्कि निर्दोष नागरिकों को भी प्रभावित करता है। लाखों लोग विस्थापित होते हैं, बच्चों की शिक्षा बाधित होती है, अस्पतालों पर दबाव बढ़ता है और सामाजिक संरचना टूटने लगती है। यदि संघर्ष परमाणु स्तर तक पहुँचता है तो उसके परिणाम पीढ़ियों तक दिखाई देंगे। विकिरण से कैंसर, जन्मजात विकृतियाँ, मानसिक रोग तथा पर्यावरणीय प्रदूषण जैसी समस्याएँ दशकों तक मानव समाज को प्रभावित कर सकती हैं। पर्यावरण विशेषज्ञ लंबे समय से चेतावनी देते रहे हैं कि बड़े पैमाने पर परमाणु विस्फोट की स्थिति में तथाकथित 'न्यूक्लियर विंटर' जैसी परिस्थिति उत्पन्न हो सकती है। वातावरण में धूल और धुएँ की अत्यधिक मात्रा सूर्य के प्रकाश को पृथ्वी तक पहुँचने से रोक सकती है, जिससे वैश्विक तापमान में गिरावट, कृषि उत्पादन में कमी और खाद्य संकट जैसी स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। जल, वायु और मिट्टी का प्रदूषण मानव सभ्यता के लिए दीर्घकालिक चुनौती बन जाएगा। भारत जैसे देश के लिए यह समय अत्यंत सावधानी और संतुलन का है। भारत की विदेश नीति लंबे समय से संवाद, शांति और रणनीतिक संतुलन पर आधारित रही है। ऐसी परिस्थितियों में भारत का दायित्व केवल अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के पक्षधर राष्ट्र के रूप में रचनात्मक भूमिका निभाना भी है। विश्व की बड़ी शक्तियों को भी यह समझना होगा कि युद्ध की विजय अस्थायी हो सकती है, किंतु उसकी मानवीय और आर्थिक कीमत बहुत लंबे समय तक चुकानी पड़ती है। आज आवश्यकता शक्ति प्रदर्शन की नहीं, बल्कि विश्वास बहाली की है। यदि संवाद टूटता है तो युद्ध की संभावना बढ़ती है और यदि संवाद जीवित रहता है तो समाधान की आशा भी बनी रहती है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र, प्रमुख विश्व शक्तियों और क्षेत्रीय देशों को ऐसी पहल करनी चाहिए जो सभी पक्षों के लिए सम्मानजनक और टिकाऊ समाधान का आधार बने। मानव इतिहास का सबसे बड़ा सबक यही है कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता। वह केवल नए घाव, नई शत्रुताएँ और नई पीड़ाएँ छोड़ जाता है। आज पूरी दुनिया एक ऐसे दोराहे पर खड़ी है जहाँ एक मार्ग शांति, सहयोग और विकास की ओर जाता है, जबकि दूसरा विनाश, अराजकता और अनिश्चित भविष्य की ओर। निर्णय विश्व नेताओं के हाथ में अवश्य है, किंतु उसके परिणाम सम्पूर्ण मानवता को भुगतने होंगे। इसलिए समय की सबसे बड़ी आवश्यकता यही है कि हथियारों की भाषा को विराम दिया जाए और संवाद, विवेक तथा शांति को वैश्विक राजनीति का आधार बनाया जाए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़ ने क्रिकेट टूर्नामेंट में लहराया जीत का परचम, ऋषभ एकेडमी को हराकर बनी चैंपियन





वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** खेल के मैदान पर शानदार प्रदर्शन और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ की क्रिकेट टीम ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में आयोजित प्रथम ऑल इंडिया चौधरी नरेंद्र सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में जेएमएस की टीम ने ऋषभ एकेडमी स्कूल को 32 रनों से पराजित कर चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।प्रतियोगिता में करीब 20 स्कूलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में ऋषभ एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की टीम ने 19.5 ओवर में 232 रन बनाए। टीम की ओर से सूर्यांश ने शानदार 84 रनों की विस्फोटक पारी खेली। वहीं तला ने 42 और हर्षित ने 41 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।233 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऋषभ एकेडमी की टीम जेएमएस के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 18.5 ओवर में 200 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ऋषभ एकेडमी की ओर से शिवम ने 41, कुणाल ने 40, पार्थ ने 40 और रिहान ने 37 रन बनाए। जेएमएस की ओर से श्रेष्ठ और सूर्यांश ने तीन-तीन विकेट हासिल किए, जबकि आदर्श और वीर ने दो-दो विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की।प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल दीक्षित, उप प्रधानाचार्या प्रभा राव, क्रिकेट कोच अथर अली, बास्केटबॉल कोच दीपांशु गर्ग सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया। जेएमएस की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल रहा।

# नारी शक्ति संगठन की महिलाओं ने रविदास मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान व देव दीपावली पर खिचड़ी वितरण की




वेलकम इंडिया/नितिन शर्मा

**बिजनौर।** नारी शक्ति संगठन की महिलाओं ने मिलकर बकली के फाटक के पास रविदास मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान व देव दीपावली के उपलक्ष में खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने कहा कि कार्तिक गंगा स्नान पर खिचड़ी दान करने पर विशेष पुण्य फल प्राप्त की प्राप्ति होती है गंगा स्नान के बाद खिचड़ी दान करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है, घर में अन्न धन की कमी नहीं रहती,सुख शांति बनी रहती है एवं आर्थिक संकट दूर होता है।इस मौके पर संगठन की महामंत्री शारदा चौधरी, गार्गी अग्रवाल उपाध्यक्ष निधि वर्मा, वंदना गुप्ता, शिखा गुप्ता, संतोष रानी, रिंकी मसीह, पूनम शर्मा, मनीषा गुप्ता मंत्री करुणा अग्रवाल, रश्मि तोमर, अंशु बिश्नोई, सुनीता शर्मा, शीतल भारद्वाज, रीना चौधरी, सुधा अग्रवाल कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल,मीडिया प्रभारी डोली शुक्ला आदि मौजूद रही।

# भीषण सड़क हादसे ने उजाड़ दिए तीन परिवारों के सपने, एक ही ग्रामसभा के तीन लोगों की मौत से पसरा मातम

विजय द्विवेदी/वेलकम इंडिया



**प्रतापगढ़।** जनपद के लीलापुर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे ने एक ही ग्रामसभा के तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। सड़क दुर्घटना में एक ही ग्रामसभा के तीन अलग-अलग व्यक्तियों की मौत की सूचना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे की भयावहता ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। तीन परिवारों पर ऐसा दुखों का पहाड़ टूटा है, जिसकी कल्पना से ही लोगों का कलेजा कांप उठ रहा है। जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब 7:30 बजे लीलापुर थाना क्षेत्र की सगरा सुंदरपुर पुलिस चौकी अंतर्गत पूरे बिलखिरिया के पास यह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इनमें से दो व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल दो अन्य युवकों का इलाज जारी है। उनकी हालत को लेकर भी परिजनों और क्षेत्रीय लोगों में चिंता बनी हुई है। इस हादसे ने तीन परिवारों की दुनिया ही बदलकर रख दी। मृतकों में एक युवक की पत्नी सात माह की गर्भवती बताई जा रही है। जिस घर में कुछ समय बाद नए मेहमान के आने की खुशियां मनाई जानी थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। वहीं दूसरे मृतक के परिवार में बच्चे की शादी की तैयारियां होनी थीं। घर में विवाह की खुशियों और मंगल गीतों की जगह अब चीख-पुकार और अपनों को खोने का गम है। तीसरे परिवार पर भी इस असमय मौत ने दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। दुर्घटना की खबर जैसे ही गांव और आसपास के क्षेत्रों में पहुंची, लोगों की भीड़ जुटने लगी। मृतकों के घरों में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। हर कोई इस हादसे को लेकर स्तब्ध है और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहा है। फिलहाल दुर्घटना किस प्रकार और किन परिस्थितियों में हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ सकी है। हादसे के कारणों को लेकर आधिकारिक पुष्टि और पुलिस की विस्तृत जानकारी का इंतजार है। वहीं घायल दोनों युवकों का उपचार जारी है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है। एक सड़क हादसे ने तीन परिवारों के भविष्य से जुड़ी उम्मीदों को गहरे सदमे में डाल दिया है। किसी घर में आने वाले बच्चे की प्रतीक्षा थी, तो किसी घर में शादी की तैयारियां थीं। लेकिन एक पल में सब कुछ बदल गया। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और सावधानी की अहमियत को सामने ला दिया है।

# दौड़ प्रतियोगिता में अधवान प्रथम रहा

वेलकम इंडिया/नितिन शर्मा




**नूरपुर।** स्योहारा रोड़ स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने फीता काट कर किया। खेल शिक्षक संजीव डबास ने बताया कि कक्षा प्ले हाथी दौड़ प्रतियोगिता में अधवान प्रथम, श्री द्वितीय, रुद्राक्ष तृतीय रोबिट दौड़ में लक्षिव प्रथम, धरती द्वितीय, दक्ष तृतीय गिलास बैलेंस दौड़ में अनिरुद्ध प्रथम, वैशाली द्वितीय, सनाया तृतीय बालिका वर्ग नर्सरी मेंढक दौड़ में कशिश प्रथम, जारिसा जहां द्वितीय, जिया तृतीय कॉर्न रेस में काव्या पाल प्रथम, अन्वी द्वितीय, तनिष्का तृतीय बैलून रेस में सिमरन प्रथम, टिया द्वितीय,हर्षल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर केजी बालिका वर्ग टोकरी में गेंद डालो प्रतियोगिता में परिसा प्रथम, शुष्कप्रीत कौर द्वितीय,यूरा तृतीय मेंढक रेस में यशवी प्रथम,अनाविया द्वितीय, वैष्णवी तृतीय कॉर्न रेस में कीर्ति राजपूत प्रथम, चारू सैनी द्वितीय, लक्षिता तृतीय बालक वर्ग टोकरी में गेंद डालो प्रतियोगिता में जियांशु वशिष्ठ प्रथम, केशव द्वितीय, वैभव तृतीय मेंढक रेस में आरूष प्रथम, राज्यवर्धन सिंह द्वितीय, तैमूर तृतीय कॉर्नरेस में दिव्यांश प्रथम, चित्रांश द्वितीय, सार्थक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर केजी बालिका वर्ग नींबू चम्मच दौड़ में मायरा प्रथम,अलिजा द्वितीय, तृषा तृतीय टोकरी में गेंद डालो प्रतियोगिता में परिधि पाल प्रथम, मान्या द्वितीय, आर्य तृतीय गिलास रेस में एंजेल प्रथम, आरुषि द्वितीय, भूमिका रानी तृतीय बालक वर्ग नींबू चम्मच दौड़ में एमन प्रथम, हनु ठाकुर द्वितीय, जहान तृतीय टोकरी में गेंद डालो प्रतियोगिता में यांश कुमार प्रथम, विराज द्वितीय, जलकर नैन तृतीय गिलास रेस में गौरिक प्रथम, प्रियांश द्वितीय, मलकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अंडर 14 बालक वर्ग में ब्लू हाउस प्रथम, यलो हाउस द्वितीय बालिका वर्ग में यलो हाउस प्रथम ब्लू हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजयी खिलाड़ियों को स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता व उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में नरेंद्र सिंह, संजीव डबास, जीवन सिंह, रीना रानी, शिखा चौधरी, अलका चौहान, भारती त्यागी, मोनिका चौहान, मीनू वर्मा, कपिल कुमार, नैनसी चंद्रा, सोनम वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नारनौर घाट पर पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला कुशल हुआ संपन्न, एक लाख श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

## भारी पुलिस बल और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न हुआ मेला, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

वेलकम इंडिया/नितिन शर्मा



**चांदपुर।** नारनौर घाट धाम पर आयोजित पांच दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में कुशलतापूर्वक संपन्न हो गया। पांच दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। मेले में दूरदराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पांच दिनों तक चले गंगा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे मेला परिसर को भारी पुलिस बल की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा गया। पुलिस बल, पीएसी तथा अग्निशमन विभाग की टीमों ने मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। सुरक्षा व्यवस्था के चलते मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मेले का विधिवत उद्घाटन एक दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गौतम राय ने गंगा पूजन करके किया था। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने मेला परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पांच दिनों तक चले मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। धार्मिक आस्था के साथ मेले में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों ने भी आकर्षण बढ़ाया। विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी मेले में पहुंचकर श्रद्धालुओं की सेवा में सहयोग किया। कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला समिति ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वय से आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। मेला समिति ने मेले में सहयोग देने वाले जिला प्रशासन, पुलिस विभाग ,सुरक्षा बलों, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया है। एसआरके शिक्षा संस्थान नारनौर के बच्चों ने रंगोली बनाकर आरती मंच को सजाया। आयोजन में समिति के प्रबंधक निरीश गुप्ता उर्फ बिल्लू गुप्ता, संरक्षक चौधरी कुलदीप सिंह, अध्यक्ष अजय कुमार कौशिक, सदस्य यशपाल सिंह, सतीश कुमार, तरुण कुमार, अरुण कुमार, एडवोकेट शिवम अग्रवाल, पंकज गुप्ता, पवन सिंह, एडवोकेट दीपक कौशिक, राजेश शर्मा, सोनू भट्ट, दीपक कौशिक, सोमदत्त सिंह, ईश्वर चंद, अर्जुन सैनी, गोल्डी कौशिक, राजपाल सिंह, राकेश सिंह, मनोज कुमार, ऋषिपाल सिंह, यश सैनी ,लव कुमार, आदित्य सागर, टीचर पूजा पाल, सोनाक्षी रानी, वंदना रानी, सृष्टि सागर, आदि का सहयोग रहा।

# सड़क हादसे में घायल पूर्व मंडल अध्यक्ष के बेटे-बहू का हाल जानने पहुंचे विधायक विजयपाल आढ़ती



वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** सदर विधानसभा क्षेत्र की इंद्रलोक कॉलोनी में पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन गर्ग के पुत्र एवं पुत्रवधू की कार सड़क दुर्घटना का शिकार होने की जानकारी मिलने पर सदर विधायक विजयपाल आढ़ती उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर हादसे की जानकारी ली और दोनों का कुशलक्षेम जाना।बताया गया कि पवन गर्ग के पुत्र एवं पुत्रवधू माता रानी के दर्शन करने कटरा गए थे। दर्शन कर वापस लौटते समय उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद दोनों को कटरा सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद स्वस्थ होने पर उन्हें घर भेज दिया गया। विधायक विजयपाल आढ़ती ने पवन गर्ग एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। साथ ही ईश्वर से दोनों के शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना जैसी घटनाएं किसी भी परिवार के लिए बेहद चिंताजनक होती हैं। ऐसे समय में परिवार के साथ खड़े होकर उनका हौसला बढ़ाना जरूरी है। इस दौरान विधायक ने पवन गर्ग और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया।

# सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में तीन दिवसीय जोनल स्तरीय खेल महोत्सव का होगा आयोजन, 42 कॉलेजों के 1000 से अधिक विद्यार्थी दिखाएंगे प्रतिभा

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह






**हापुड़।** सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हापुड़ में 26 से 28 नवंबर तक अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जोनल स्तरीय खेल महोत्सव 2026-27 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जोन-5 के अंतर्गत आने वाले लगभग 42 नर्सिंग कॉलेजों के 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं के प्रतिभाग करने की संभावना है। तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव का उद्देश्य नर्सिंग विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, मानसिक मजबूती, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। आयोजन के माध्यम से विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी एक मंच पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।खेल महोत्सव में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और बैडमिंटन के साथ 100, 200, 400 और 800 मीटर दौड़, रिले रेस, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, लंबी कूद, ऊंची कूद और जैवलिन थ्रो जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें पुरुष एवं महिला वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

आयोजन के पहले दिन 26 नवंबर को सुबह 9:30 बजे उद्घाटन समारोह होगा। इसके बाद बैडमिंटन, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल के मुकाबले होंगे। दूसरे दिन 27 नवंबर को सुबह 7:30 बजे से विभिन्न एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वहीं, 28 नवंबर को अंतिम दिन दौड़ और रिले रेस सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले होंगे तथा विजेता खिलाड़ियों का निर्धारण किया जाएगा।संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. जे. रामचंद्रन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। वहीं, वाइस चेयरपर्सन डॉ. रम्या रामचंद्रन ने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों में एकता, सहयोग, सकारात्मक सोच और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना मजबूत होती है।कॉलेज की प्राचार्या एवं जोन-5 खेल समन्वयक प्रोफेसर डॉ. आर. पिरामिला ने बताया कि विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। यह महोत्सव विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों से जुड़ने और अनुभव साझा करने का अवसर प्रदान करेगा।खेल महोत्सव का आयोजन सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज परिसर, एनएच-09, अनवरपुर, पिलखुवा, जिला हापुड़ में किया जाएगा। आयोजन की थीम है- खेल शक्ति का निर्माण करते हैं- टीम भावना व्यक्तित्व को निखारती है।

आयोजन समिति के अनुसार खेल महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाड़ियों की सुविधा, सुरक्षा और खेल भावना को प्राथमिकता दी जाएगी। विभिन्न खेलों के लिए अलग-अलग मैदान और आवश्यक खेल सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर मिल सके। महोत्सव में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को अपनी शारीरिक क्षमता के साथ अनुशासन और समय प्रबंधन का भी परिचय देना होगा। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को जीत और हार दोनों परिस्थितियों को सकारात्मक रूप से स्वीकार करने की सीख मिलेगी। खेलों में भागीदारी से उनमें आपसी सहयोग, धैर्य और कठिन परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता विकसित होगी। आयोजकों का मानना है कि नर्सिंग शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भविष्य में उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े चुनौतीपूर्ण दायित्व निभाने होंगे। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को पढ़ाई के तनाव से बाहर निकलकर अपनी रुचि और प्रतिभा को निखारने का अवसर भी देते हैं। महोत्सव के माध्यम से विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच आपसी परिचय, मित्रता और शैक्षणिक सहयोग की नई संभावनाएं भी विकसित होंगी। यह आयोजन खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

# मुख्यमंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं, 'धन्य धन्य धामी जी' गीत एवं पोस्टर का भी किया विमोचन






**वेलकम इंडिया/ओ पी उनियाल**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्यसेवक सदन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान लोगों ने सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, भूमि संबंधी प्रकरणों, आर्थिक सहायता, पेंशन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित विभागों से समस्याओं का यथाशीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्य करें। आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के साथ ही दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाए। राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान एवं पात्र व्यक्तियों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'धन्य धन्य धामी जी' गीत एवं पोस्टर का भी विमोचन किया। इस गीत को निर्मल अनुरागी एवं अंजलि अनुरागी ने स्वर दिए हैं, जबकि गीत का संगीत निर्देशन रणजीत सिंह ने किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सरकार आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों को केवल औपचारिकता के रूप में न लिया जाए, बल्कि प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से परीक्षण कर उसका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए लंबी दूरी तय कर सरकारी कार्यालयों तक पहुंचना पड़ता है। ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील रहें और जरूरत पड़ने पर क्षेत्रीय स्तर पर ही समाधान की व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ अंतिम छोर पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचेगा। इसके लिए विभागीय अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय, नियमित समीक्षा और जवाबदेही आवश्यक है। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे अपनी समस्याओं और सुझावों को प्रशासन के समक्ष रखें, ताकि विकास कार्यों को जनअपेक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ाया जा सके। सरकार जनसेवा, पारदर्शिता और जवाबदेही के आधार पर उत्तराखंड को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 को गऊ ग्राम परखम में कई प्रकल्पों करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

### उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रो एसपी सिंह बघेल सहित उत्तर प्रदेश के कई मंत्री करेंगे शिरकत

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**मथुरा/परखम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 नवंबर को प्रातः 10 से दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, गऊ-ग्राम, परखम, फरह में पशु आयुर्वेद एवं पारंपरिक ज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का विमोचन, आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय महाविद्यालय का शिलान्यास एवं अनुवादात्मक चिकित्सा में आयुर्वेद और पंचगव्य अनुसंधान केंद्र का लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के मंत्री हरी शंकर शर्मा ने बुधवार को गऊ ग्राम परखम, फरह स्थित अशोक सिंघल सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति दीनदयाल धाम, फरह के तत्वावधान में 28 नवंबर शनिवार प्रातः 10 बजे गऊ ग्राम परखम, फरह में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गौ संवर्धन, आयुर्वेद, अनुसन्धान और शिक्षा को समर्पित विभिन्न प्रमुख प्रकल्पों का विमोचन, लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री पशु आयुर्वेद एवं पारंपरिक ज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का विमोचन, अनुवादात्मक चिकित्सा में आयुर्वेद और पंचगव्य अनुसंधान केंद्र तथा श्री नंदीश्वर छात्रावास का लोकार्पण और आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय महाविद्यालय तथा 2 बीएचके आवासीय परिसर का शिलान्यास भी करेंगे।

समारोह में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में एवं उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशिष्ट अतिथि के रूप में रहेंगे। इसके साथ ही केन्द्रीय मत्स्य पालन एवं पशुपालन राज्यमंत्री प्रो.एस.पी. सिंह बघेल, देव संस्कृति विश्वविद्यालय उत्तराखण्ड के कुलाधिपति डॉ. चिन्मय पंड्या, भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' तथा विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री प्रवीण रामदास की कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के सर्व व्यवस्था प्रमुख महावीर ने बताया कि समारोह में प्रबुद्ध वर्ग और समाजसेवियों के साथ ही महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को बुलाया गया है। इसमें प्रमुख शिक्षाविद, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, फैकल्टीज, समय- समय पर जिनका सहयोग प्राप्त होता रहता है, ऐसे समाजसेवियों तथा समाज परिवर्तन में लगे बंधुओ और भगिनियों को भी आमंत्रित किया गया है। डॉ० गौरव श्रीवास्तव ने मॉलिक्युलर बायलॉजी लैब के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में उमेश शर्मा, विनीत कुमार, मुकेश शर्मा, वीरेन्द्र एवं ऋषभ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## स्कूल की छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर, पुलिस ने दी महिला सुरक्षा की जानकारी

### मिशन शक्ति अभियान के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम, छात्राओं ने लिया हिस्सा




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/गोवर्धन।** थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के साथ ही महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर शिव कुमार दोहरे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को हर परिस्थिति में निर्भीक रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देनी चाहिए। उन्होंने छात्राओं को 1090, 112, 1098 सहित अन्य हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस दौरान एचएम अनिल कुमार, पीसी बनवारी लाल, मधुवाला, प्रीति, नेहा व शिक्षिका ललिता चौधरी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में छात्राओं में खुशी अग्रवाल, समृद्धि खण्डेलवाल, दृष्टि शर्मा, अंजलि सिंह, अनुष्का सहित कई छात्राएं मौजूद रहीं। छात्राओं ने आत्मरक्षा के गुर सीखने के साथ ही पुलिस के सवालों के जवाब भी दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया गया।

## नए मतदाताओं को पंजीकरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित

**वेलकम इंडियासंवाददाता**



**मथुरा।** राजीव भवन सभागार में आयोजित विकसित भारत युवा कार्यक्रम के दौरान स्वीप एवं ईएलसी टीम की ओर से नवीन मतदाता पंजीकरण प्रदर्शनी लगाई गई। इसका आयोजन कोऑर्डिनेटर डॉ. दीन दयाल, ईएलसी कोऑर्डिनेटर डॉ. अखिलेश यादव और मथुरा विधानसभा स्वीप कोऑर्डिनेटर गुरु प्यारी सत्संगी ने किया।

प्रदर्शनी में विभिन्न क्षेत्रों से आए युवाओं ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके और एक जनवरी 2027 तक 18 वर्ष के होने वाले युवाओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की। युवाओं ने कहा कि लोकतंत्र में भागीदारी निभाने के लिए वोटर आईडी बनवाना और मतदान करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इसके लिए ऑनलाइन फॉर्म-6 भरकर पंजीकरण कराया जा सकता है। इस दौरान कुनाल, दीपक सिंह आजाद, शिवम, आराध्या रावत, माधवी और तन्वी सारस्वत ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदाता पंजीकरण कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा अपने साथियों और आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें तथा मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

डीएलएमटी मनीष दयाल ने बताया कि वर्तमान में अधिक से अधिक नए मतदाताओं का पंजीकरण कराना प्राथमिकता है। इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से फॉर्म-6 भरवाए जा रहे हैं। प्रदर्शनी में युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और मतदाता जागरूकता के संदेश सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित करने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व और उनकी भागीदारी की भूमिका के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। आयोजकों ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में युवा मतदाताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। देश का भविष्य तय करने वाली नीतियों और जनप्रतिनिधियों के चयन में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी आवश्यक है। ऐसे में युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें अपने संवैधानिक अधिकारों और नागरिक कर्तव्यों की जानकारी देना भी जरूरी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का समय रहते पालन करें और अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण अवसर के प्रति उत्साहित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने का भी माध्यम है। प्रत्येक योग्य नागरिक को बिना किसी दबाव, प्रलोभन या भेदभाव के स्वतंत्र रूप से मतदान करना चाहिए।

## 10 हजार हिंदू परिवारों को हितचिंतक बनाने का लक्ष्य, विहिप ने किया अभियान का शुभारंभ

**वेलकम इंडियासंवाददाता**




**मथुरा।** हिंदू समाज को संगठित करने और सेवा, सुरक्षा व संस्कार के कार्यों से जोड़ने के उद्देश्य से विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रव्यापी 'हितचिंतक अभियान' का कोसी के कमला नगर स्थित बांके बिहारी मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ शुभारंभ हुआ। अभियान के तहत संगठनात्मक कोसी जिले में 10 हजार हिंदू परिवारों को हितचिंतक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवांग गुप्ता जिला शताब्दी विस्तारक, विहिप कोसी एवं पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिवांग गुप्ता ने कहा कि अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठन के सेवा, सुरक्षा और संस्कार के कार्यों से जोड़ना तथा मठ-मंदिरों, गौवंश और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए सामाजिक एकजुटता बढ़ाना है। विहिप प्रत्येक तीन वर्ष में यह अभियान चलाता है।

अभियान के तहत विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ता घर-घर, मोहल्लों, गांवों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर संपर्क करेंगे। गोवर्धन और बरसाना में विशेष कैंप लगाकर भी हितचिंतक बनाए जाएंगे।

लोकेश नौहवार नगर मंत्री विहिप एवं नितिन तोमर प्रखंड संयोजक बजरंग दल ने कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुकेश वैष्णव बाल गोकुलम प्रमुख आरएसएस, शिवम पंडित साप्ताहिक मिलन प्रमुख, कपिल वैष्णव, तुषार, अंशुल, निखिल चौधरी, गौरव, भानु, अभिषेक सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियां तेज, ईवीएम-वीवीपैट प्रदर्शन केंद्रों पर मतदाताओं को दी जा रही मतदान प्रक्रिया की जानकारी

### कलेक्ट्रेट और तहसील मुख्यालयों पर स्थापित किए गए जागरूकता केंद्र, निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने तक जारी रहेगा

**वेलकम इंडियासंवाददाता**



**संतकबीरनगर।** आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को लेकर निर्वाचन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में जनपद में आमजन को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 20 नवंबर 2026 से कलेक्ट्रेट परिसर और सभी तहसील मुख्यालयों पर स्थापित प्रदर्शन केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को मतदान प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी अनुज मलिक ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय तथा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संबंधित तहसील मुख्यालयों पर ईवीएम और वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर पहुंचने वाले नागरिकों को मशीनों की कार्यप्रणाली, मतदान करने के तरीके और मतदान के बाद वीवीपैट में दिखाई देने वाली मत पर्ची के बारे में विस्तार से समझाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन केंद्रों पर आमजन को केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं दी जा रही, बल्कि मशीनों के माध्यम से मतदान प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया जा रहा है, ताकि मतदाता वास्तविक चुनाव के दौरान बिना किसी भ्रम के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस पहल का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाना और अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करना है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की अधिसूचना जारी होने तक संचालित रहेगा। निर्वाचन विभाग का प्रयास है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के अधिक से अधिक लोग इन केंद्रों पर पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली को समझें। प्रशासन के अनुसार लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी महत्वपूर्ण है। निष्पक्ष, पारदर्शी और सुगम निर्वाचन के लिए मतदाताओं का जागरूक होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जनपद में लगातार जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में नागरिक पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

## नवागत बीईओ सुमित कुमार ने संभाली कमान, दिया भरोसा, कहा शिक्षकों के विभागीय काम अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहेंगे



**वेलकम इंडियासंवाददाता**

**मथुरा/बलदेव।** नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी सुमित कुमार ने बलदेव में कार्यभार ग्रहण किया इस अवसर पर एआरपी टीम एवं बीआरसी स्टाफ एवं शिक्षकों ने नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी से शिष्टाचार भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यभार संभालने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि विभाग से जुड़े उनके किसी भी कार्य को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाएगा। सभी प्रकरणों का नियमानुसार और समयबद्ध तरीके से निस्तारण उनकी प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि शासन की ओर से संचालित शैक्षिक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता बेहतर बनाने के साथ शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करें। विभागीय सूचनाओं का आदान-प्रदान भी समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से किया जाए।नवागत बीईओ ने शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों और शिक्षकों के बीच आपसी समन्वय को जरूरी बताया। उन्होंने शिक्षकों से सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नोडल एआरपी गीता रावत, एआरपी खुशबू श्रीवास्तव, शुभम आनंद, सीमा सिंह, बीआरसी स्टाफ प्रतीक मिश्रा, उमेश शर्मा, अजीत सिंह, द्रविण कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जितिन प्रसाद ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

## बिजली की शिकायत पर जेई को लगाई फटकार, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

वेलकम इंडिया/मीनू बरकाती





**पूरनपुर/पीलीभीत।** केंद्रीय मंत्री एवं पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद ने बुधवार को पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने देवीपुर, नगर पंचायत कलीनगर और ग्राम पंचायत मल्लपुर खजुरिया में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और अपनी जरूरतों तथा क्षेत्र की परेशानियों से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया।जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पेयजल और अन्य स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में कई ऐसी समस्याएं हैं, जिनके समाधान के लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने एक-एक कर लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता से जुड़ी समस्याओं को केवल कागजों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उनका समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।कार्यक्रम के दौरान बिजली व्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से सामने आया। विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों पर केंद्रीय मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अवर अभियंता (जेई) को फटकार लगाई। उन्होंने व्यवस्था में सुधार लाने और उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को चेताया कि जनसमस्याओं के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जितिन प्रसाद ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे आम लोगों के बीच पहुंचकर उनकी परेशानियों को समझें और समाधान की दिशा में प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने विकास कार्यों तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया।कार्यक्रम में भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी। जनसंवाद के दौरान स्थानीय विकास कार्यों, सरकारी योजनाओं और ग्रामीणों की अपेक्षाओं पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, सुषमा देवी, रैनू राज, रजनीश पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में घायलों को डेढ़ लाख तक मिलेगा कैशलेस इलाज

## पीएम-राहत योजना के तहत सात दिन तक उपचार की सुविधा

वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार ने पीएम-राहत योजना शुरू की है। इसके तहत मोटर वाहन दुर्घटना में घायल पात्र व्यक्ति को अधिकतम 1.50 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलेगा। यह सुविधा दुर्घटना की तिथि से अधिकतम सात दिनों तक उपलब्ध रहेगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि योजना का उद्देश्य दुर्घटना के बाद गोल्डेन ऑवर में घायलों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाना है। उन्होंने वाहन चालकों और आम नागरिकों से अपील की कि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को तत्काल नजदीकी नामित अस्पताल पहुंचाने में मदद करें। जरूरत पड़ने पर आपातकालीन सेवा 112 की सहायता भी लें।उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले राह-वीरों (गुड समैरिटन) को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार योजना भी संचालित है। इसके तहत घायल व्यक्ति की जान बचाने में मदद करने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये तक की पुरस्कार राशि दिए जाने का प्रावधान है।परिवहन विभाग ने वाहन चालकों और आम नागरिकों से अपील की है कि सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए आगे आएं। किसी घायल की सहायता करना मानवीय और सामाजिक दायित्व है। समय पर मिली मदद किसी की जान बचा सकती है।

# नवागत बीईओ का प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिष्टाचार भेंट कर किया जोरदार स्वागत




वेलकम इंडिया/असदुल्लाह सिद्दीकी

**उसका बाजार/सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई उसका बाजार के पदाधिकारियों ने बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर नवागत खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार यादव से शिष्टाचार भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर नवागत बीईओ ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वह शिक्षकों की हर समस्या के त्वरित समाधान के प्रति सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने शिक्षकों से विभागीय कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने की अपेक्षा जताई। कहा कि सकारात्मक माहौल होना चाहिए जिससे शिक्षक अपने दायित्वों का पूर्ण मनोयोग से निर्वहन कर सकें।शिक्षक प्रतिनिधियों ने नवागत बीईओ को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और आश्वस्त किया कि आपसी समन्वय व सकारात्मक माहौल में ब्लॉक का शैक्षणिक और विभागीय स्तर निरंतर आगे बढ़ेगा। स्वागत करने वालों में अभय श्रीवास्तव, सुभाष जायसवाल, गुलाबचंद, शिवाकांत दूबे, श्रीचंद, आशुतोष उपाध्याय, अनिल पांडे, रामलौटन यादव, प्रदीप जायसवाल, बृजेश वर्मा, संतोष सिंह, विशाल श्रीवास्तव, राघवेंद्र तिवारी सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नशे की आग में अपनी जवानी मत झोंको, इल्म की रोशनी से बदलो अपनी तकदीर: अहसन रजा कादरी

## अहसन मियां कादरी का पैगाम- दीनी और दुनियावी तालीम हासिल करो, मां-बाप की खिदमत करो और नेक किरदार से समाज में पहचान बनाओ

वेलकम इंडिया/मीनू बरकाती




**पूरनपुर/पीलीभीत।** नगर के मोहल्ला खानकाह स्थित साबरी अहाता (ब्लॉक रोड) में मंगलवार की रात ऑल इंडिया सालाना कॉन्फ्रेंस ह्यनिजाम-ए-मुस्तफाह्ल एवं ह्यजश्न-ए-हजरत अबू बक्र सिद्दीकह्ल का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक उल्लास और रूहानी माहौल के बीच आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत कुरआन-ए-पाक की तिलावत से हुई। इसके बाद उलेमा -ए-कराम ने अपनी तकरीरों के माध्यम से लोगों को दीनी तालीम, अच्छे आचरण, सामाजिक जिम्मेदारियों और इंसानियत का पैगाम दिया।कॉन्फ्रेंस में बरेली शरीफ से पहुंचे दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन हजरत मुफ्ती अहसन रजा कादरी ने नौजवानों को खास तौर पर नशे की बुराई से दूर रहने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी देश और समाज का भविष्य है। युवाओं को अपनी जिंदगी नशे की लत में बर्बाद करने के बजाय शिक्षा और अच्छे कामों में लगानी चाहिए। दीनी और दुनियावी दोनों तरह की तालीम हासिल कर अपने भविष्य को रोशन बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां-बाप की खिदमत करना हर इंसान की अहम जिम्मेदारी है। माता-पिता की इज्जत, उनकी सेवा और दुआओं से इंसान की जिंदगी में बरकत आती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने किरदार को बेहतर बनाएं और समाज में अपनी पहचान नेक कामों से कायम करें।कार्यक्रम में सैफुल्लाह कलकत्तवी ने हजरत अबू बक्र सिद्दीक (रजियल्लाहु अन्हु) की जिंदगी, उनकी सादगी, ईमानदारी, त्याग और इस्लाम के प्रति उनकी सेवाओं पर विस्तार से रोशनी डाली। वहीं शायर-ए-इस्लाम मुहम्मद अली फैजी ने खूबसूरत अंदाज में नात-ए-पाक पेश कर महफिल को रूहानी रंग में रंग दिया। उनकी प्रस्तुति पर अकीदतमंदों ने भरपूर सराहना की।कॉन्फ्रेंस में हजरत अल्लामा मुफ्ती मुहम्मद अहसन रजा कादरी, इकबाल अहमद कादरी, गुलाम रसूल बलियावी समेत कई प्रमुख उलेमा-ए-कराम की मौजूदगी रही। इसके अलावा हाफिज नूर अहमद अजहरी, हाफिज अरबाज रिजवी, मुफ्ती आमिर रजा, कारी शान, मुफ्ती साजिद हसनी, कारी इरशाद, अशफाक ताबिस और हाफिज जकी खान सहित तमाम धार्मिक विद्वान मौजूद रहे।आकर्षक रोशनी और शानदार सजावट से सजे विशाल पंडाल में देर रात तक अकीदतमंदों की आवाजाही बनी रही। कार्यक्रम का आयोजन हाफिज नूर अहमद अजहरी एवं जुमला अराकीन अजहरी एकेडमी, पूरनपुर की ओर से किया गया। कॉन्फ्रेंस इंचार्ज हाफिज अरबाज रिजवी ने व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली, जबकि टीटीएस की टीम के सदस्यों ने आयोजन की व्यवस्था और आकर्षक सजावट में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे। अंत हजरत अहसन रजा कादरी ने देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआ भी कराई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने उनके हाथों मुरीद होकर सिलसिले में शामिल होने की अकीदत जाहिर की। इसके साथ ही कॉन्फ्रेंस का समापन हो गया।

# नन्हे खिलाड़ियों ने खेल प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा और प्रतिभा का दम

## भगवंतापुर संकुल बना चैंपियन, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सम्मानित

वेलकम इंडिया संवाददाता



**पूरनपुर/पीलीभीत।** उच्च प्राथमिक विद्यालय भगवंतापुर के परिसर में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक स्तरीय मिनी बाल शैक्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पूरनपुर ब्लॉक के विभिन्न संकुलों से चयनित छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में संकुल भगवंतापुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक चैंपियनशिप अपने नाम की, जबकि रघुनाथपुर संकुल उपविजेता रहा।खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्रा के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सतीश गिरि और खंड शिक्षा अधिकारी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद 50 मीटर बालिका दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिताओं की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक बादशाह वर्मा ने की।प्रतियोगिता में प्राथमिक और जूनियर वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए 50, 100, 200, 400 और 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, योग, समूहगान और एकांकी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने खेल मैदान में अपनी फुर्ती, दमखम और प्रतिभा से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह रोकथाम, मेरी बेटी मेरी शान और देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।प्राथमिक वर्ग में पताबोझी के कपिल ने दौड़ की विभिन्न स्पधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में रघुनाथपुर की शिवानी ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल की। जूनियर वर्ग में टांडा छत्रपति के करन, पताबोझी की प्रिया, पूरनपुर के गुफरान और रघुनाथपुर के उमेश कुमार सहित कई खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त किया। कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल में भी खिलाड़ियों ने अपनी टीमों के साथ दमदार प्रदर्शन किया।समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करती हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि ब्लॉक स्तर पर सफल खिलाड़ी आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर जनपद और प्रदेश में क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक भूपेंद्र सिंह गंगवार ने किया। आयोजक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यप्रकाश गंगवार ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और प्रतिभागियों का आभार जताया। इस मौके पर अर्जुन सिंह गंगवार, संतोष कुमार पासवान, अवनीश कुमार अवस्थी, राधाकृष्ण कुशवाहा, ब्रजेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# धनाराघाट पर फिर शुरू हुआ नावों का संचालन, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस, शारदा नदी पर नाव बंद होने से बढ़ गई थीं मुश्किलें

वेलकम इंडिया संवाददाता



**पूरनपुर/पीलीभीत।** धनाराघाट स्थित शारदा नदी पर बुधवार सुबह एक बार फिर नावों का संचालन शुरू करा दिया गया। नाव सेवा बहाल होने से हजारा क्षेत्र के ग्रामीणों और रोजाना नदी पार कर आने-जाने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा मेले के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने नावों के संचालन पर अस्थायी रोक लगा दी थी। इसके चलते पूरे क्षेत्र में आवागमन की समस्या खड़ी हो गई थी।नावों का संचालन बंद होने के कारण हजारा क्षेत्र के लोगों को रोजमर्रा के जरूरी कामों के लिए नदी पार करने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। किसी को बाजार पहुंचना था तो किसी को जरूरी काम से पूरनपुर और आसपास के क्षेत्रों में जाना था। नाव सेवा बंद होने के चलते लोगों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ा। इससे न केवल उनका अतिरिक्त समय खर्च हुआ, बल्कि आवागमन भी काफी मुश्किल हो गया।ग्रामीणों के लिए धनाराघाट पर नावों का संचालन महज एक यातायात सुविधा नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत बन चुका है। लंबे समय से शारदा नदी पर पेंटून पुल का निर्माण नहीं होने के कारण क्षेत्र के लोगों को नदी पार करने के लिए नावों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में नावों का संचालन बंद होते ही हजारा क्षेत्र के ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं।बुधवार सुबह प्रशासन की ओर से दोबारा नावों का संचालन शुरू कराए जाने के बाद लोगों ने राहत महसूस की। नाव सेवा शुरू होने से एक बार फिर नदी पार कर पूरनपुर और अन्य क्षेत्रों तक पहुंचने का रास्ता सुगम हो गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक शारदा नदी पर स्थायी पुल या पेंटून पुल की व्यवस्था नहीं होती, तब तक नावों का संचालन सुचारु बनाए रखना बेहद जरूरी है। इससे क्षेत्र के हजारों लोगों को आवागमन में सहूलियत मिल सकती है। फिलहाल नाव सेवा बहाल होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

# विवादित जमीन खरीदने-बेचने वाले हो जाएं सावधान

## डीएम बोले- ऐसे लोगों के लिए हमारी नई जेल खाली

वेलकम इंडिया संवाददाता



बरेली। बहेड़ी में किसान सरदार भगवान सिंह की आत्महत्या के बाद जिले में जमीनों के फजीर्वाड़े और विवादित संपत्तियों की खरीद-फरोख्त को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बेहद कड़ा रुख अपना लिया है। डीएम ने दो टूक चेतावनी दी है कि जो भी लोग विवादित जमीन खरीदते-बेचते हैं या राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी करते हैं, और जो भी अधिकारी-कर्मचारी इस खेल में उनका साथ देते हैं, ऐसे सभी लोगों के लिए प्रशासन की नई जेल खाली है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे तत्वों के खिलाफ किसी भी स्तर पर रियायत नहीं बरती जाएगी और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि बरेली जनपद की भौगोलिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है। एक तरफ उत्तराखंड की सीमा लगती है, तो दूसरी ओर रामपुर, शाहजहांपुर, पीलीभीत और बदायूं जैसे जिले सटे हुए हैं। इस बेहतरीन कनेक्टिविटी और लोकेशन के कारण बाहर के निवेशक और स्थानीय लोग यहां बड़े पैमाने पर इंडस्ट्री, फार्म हाउस और मकान बनाने के लिए जमीनें खरीद रहे हैं। जमीनों की बढ़ती डिमांड और आसमान छूते दामों का फायदा उठाने के लिए कुछ जालसाज सक्रिय हो गए हैं, जो पहले से बिक चुकी जमीनों को दोबारा बेचने और राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी करने की कोशिश कर रहे हैं। आम नागरिकों और बाहर से आने वाले निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए डीएम ने खास अपील की है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में एक विशेष 'लैंड सेल' का गठन किया है। इसमें जिले की सभी 6 तहसीलों के एसडीएम और राजस्व विभाग की एक बड़ी टीम शामिल है। डीएम ने अनुरोध किया है कि कोई भी बड़ी जमीन या प्रॉपर्टी खरीदने से पहले खरीदार प्रशासन के लैंड सेल, बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) या नगर निगम से उसके दस्तावेजों और स्थिति की जांच जरूर करा लें। डीएम ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि यदि किसी जमीन को लेकर जरा भी संदेह हो या पुराना विवाद चल रहा हो, तो ऐसी जमीन को खरीदने और बेचने से पूरी तरह परहेज करें। विवादित जमीन में पैसा लगाने पर खरीदार को लंबी न्यायिक प्रक्रिया में उलझना पड़ेगा, जिससे समय और पैसा दोनों बर्बाद होंगे और जिस उद्देश्य से जमीन ली गई है।

# 20 दिसंबर को निकलेगी ब्राह्मण महापरिषद की भव्य शोभायात्रा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**पीलीभीत।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महापरिषद की ओर से आगामी 20 दिसंबर 2026 को शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा को ऐतिहासिक और आकर्षक बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को महापरिषद के पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर आयोजन की अनुमति, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर आवेदन पत्र सौंपा।महापरिषद के जिलाध्यक्ष एडवोकेट नीलेश चतुर्वेदी ने बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के भव्य शपथ ग्रहण समारोह की तिथि भी जल्द घोषित की जाएगी। इसके बाद 20 दिसंबर को रविवार शाम चार बजे पुरानागंज स्थित श्री गोपाल मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ होगा।उन्होंने बताया कि शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण श्री मां ज्वाला जी से लाई गई पावन अखंड ज्योति की भव्य झांकी होगी। इसके साथ भगवान श्री परशुराम जी की झांकी सहित करीब 18 धार्मिक एवं सांस्कृतिक झांकियां शामिल रहेंगी। आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए दो बैंड, नासिक ढोल, डुलडुल घोड़ी नृत्य, अघोरी नृत्य और पारंपरिक काली माता अखाड़ा भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।शोभायात्रा श्री गोपाल मंदिर से प्रारंभ होकर लोहा बाजार, बरेली गेट, ड्रमंडगंज चौराहा, सराफा बाजार, चौक चौराहा, इमली चौराहा, साहूकारा, जमनी चौराहा, छिपियान चौराहा, स्टेशन रोड, सुनगढ़ी चौराहा, नई बस्ती चौराहा, काला मंदिर, लेखराज चौराहा और पुरानागंज चौराहा होते हुए पुनः श्री गोपाल मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी।महापरिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

# बरेली में अस्पतालों की फार्मेसी पर प्रशासन का शिकंजा, छह मेडिकल स्टोरों पर सघन चेकिंग

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बरेली।** अस्पतालों से जुड़े मेडिकल स्टोर और फार्मेसी अब प्रशासन की निगरानी में हैं। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लखनऊ के आदेश के अनुपालन में जनपद बरेली में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अस्पताल परिसरों में संचालित फार्मेसी और मेडिकल स्टोरों के साथ अन्य संबंधित प्रतिष्ठानों की भी जांच की गई। अभियान के तहत छह मेडिकल स्टोरों को चेक किया गया, जिनमें प्रीतोमल मेडिकल (खुशलोक हॉस्पिटल), शिव ओम मेडिकल (राधिका हॉस्पिटल), नवोदय मेडिकल (नवोदय हॉस्पिटल), श्रीनाथजी मेडिकल (श्रीनाथजी मेडिसिटी हॉस्पिटल), ओम मेडिसन सेंटर (केयर हॉस्पिटल) और शोभित मेडिवर्ल्ड (श्री वेदांता हॉस्पिटल) शामिल हैं। चेकिंग के दौरान संबंधित संचालकों को आयुक्त द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। स्पष्ट संदेश है कि दवा कारोबार में नियमों की अनदेखी की कोई गुंजाइश नहीं है। प्रशासन की निगरानी में अब अस्पतालों की फार्मेसी भी जांच के दायरे में हैं।

# 51 हजार दीपों से जगमगाया दशाश्वमेध घाट, आस्था और राष्ट्रभक्ति के संगम में फिर सराबोर हुई काशी

## 21 अर्चकों और 42 देव कन्याओं ने उतारी मां गंगा की भव्य महाआरती, 20 फीट ऊंची अमर जवान ज्योति बनी आकर्षण का केंद्र





वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह





**वाराणसी।** धर्म, अध्यात्म, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति की अद्भुत छटा के बीच विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली महोत्सव का भव्य आयोजन दशाश्वमेध घाट पर किया गया। लाखों दीपों की रोशनी, वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और मां गंगा की दिव्य महाआरती ने संपूर्ण काशी को अलौकिक आभा से भर दिया। गंगा सेवा निधि की ओर से आयोजित इस महोत्सव में 51 हजार दीपों से दशाश्वमेध घाट सहित आसपास के घाटों को रोशन किया गया। वहीं 21 अर्चकों और 42 देव कन्याओं द्वारा संपन्न कराई गई मां गंगा की महाआरती ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन का विशेष आकर्षण 20 फीट ऊंची अमर जवान ज्योति रही, जिसके माध्यम से देश के वीर बलिदानी जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। देव दीपावली का यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों के प्रति सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश भी प्रमुखता से दिखाई दिया। देश-विदेश से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनकर काशी की आध्यात्मिक विरासत का अनुभव किया। महोत्सव का शुभारंभ वैदिक परंपराओं के अनुसार मां गंगा के पूजन और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। गंगा सेवा निधि के 21 अर्चकों ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भगवती मां गंगा का पूजन किया। इसके बाद श्री राम जनम योगी के नेतृत्व में 4 मिनट 21 सेकंड तक हुए शंखनाद से दशाश्वमेध घाट का वातावरण गुंजायमान हो उठा। शंखध्वनि ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से सराबोर कर दिया। दुर्गाचरण इंटर कॉलेज की 42 देव कन्याओं ने रिद्धि-सिद्धि के स्वरूप में ब्राह्मणों के साथ मां भगवती की आरती संपन्न कराई। वहीं श्री काशी विश्वनाथ डमरू दल के 10 स्वयंसेवकों ने भी भव्य महाआरती में सहभागिता की। वैदिक मंत्रों, शंखध्वनि, डमरुओं की गूंज और आरती के दिव्य दृश्यों के बीच 51 हजार दीपों से घाट और आसपास की इमारतें जगमगा उठीं।

गंगा सेवा निधि ने इस वर्ष भी 'एक संकल्प गंगा किनारे' अभियान के माध्यम से मां गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने का संदेश दिया। संस्था की ओर से देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं और पर्यटकों को गंगा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। संस्था ने लोगों से आह्वान किया कि मां गंगा की पवित्रता बनाए रखना केवल किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। इस अवसर पर दशाश्वमेध घाट को 21 कुंतल फूल-मालाओं और 51 हजार दीपों से सजाया गया। वहीं 20 फीट ऊंची अमर जवान ज्योति की भव्य प्रतिकृति ने श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान आकर्षित किया। दीपों की रोशनी और पुष्पों की सजावट के बीच यह ज्योति देश के वीर जवानों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान का प्रतीक बनकर दिखाई दी। देव दीपावली महोत्सव में राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले चार जवानों के परिवारों को सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम के दौरान गंगा सेवा निधि के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल के अमर बलिदानी कांस्टेबल उताउर रहमान खान और कांस्टेबल कोलाहल यादव तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अमर बलिदानी शशिकांत सिंह और रामबिलास सिंह यादव के परिजनों को 'भगीरथ शौर्य सम्मान' प्रदान किया गया। संस्था की ओर से प्रत्येक बलिदानी परिवार को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी दी गई। कार्यक्रम में रेलवे सुरक्षा बल की इंस्पेक्टर भुनेश्वरी, 11वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के कमांडेंट अनुप सिंह बिष्ट, 95वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट राजेश्वर बालापुरकर, एयर कमोडोर सुरेंद्र मलिक तथा 39 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र के ब्रिगेडियर जयदीप चंदा सहित विभिन्न सैन्य एवं सुरक्षा संस्थानों के अधिकारियों ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## 35 किलो अवैध गांजा बरामद, कार सवार दो तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दुधारा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक हुंडई औरा कार से 35 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार, दो मोबाइल फोन और नकदी भी कब्जे में ली है। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद के पर्यवेक्षण में बुधवार को थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि छपिया छितौना क्षेत्र में गांजे की खेप लेकर एक कार आने वाली है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने साइन गोल्ड बेकरी से करीब 100 मीटर आगे सड़क की पुलिया के पास सघन चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक हुंडई औरा कार (वाहन संख्या एमएच01 एफई 8743) आती दिखाई दी। पुलिस ने चालक को रुकने का इशारा किया तो उसने कार पीछे मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी लेने पर कार की डिग्गी में रखे दो सफेद प्लास्टिक के बोरों से कथई रंग के टेप में लिपटे 35 पैकेट बरामद हुए। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल करने पर उनमें कुल 35 किलोग्राम अवैध गांजा पाया गया। पुलिस ने मौके से सैदा हुसैन उर्फ अच्छू (24 वर्ष) पुत्र इफराक अहमद और मोहम्मद आदिल (20 वर्ष) पुत्र निहाल अहमद, निवासी छपिया छितौना, थाना दुधारा, जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी की सूचना दोनों आरोपियों के परिजनों को भी दी गई। तलाशी के दौरान सैदा हुसैन के पास से 1,700 रुपये नकद और गूगल पिक्सल-9 मोबाइल फोन बरामद हुआ, जबकि मोहम्मद आदिल के कब्जे से 420 रुपये नकद और एक रियलमी मोबाइल फोन मिला। पुलिस ने गांजे के साथ कार और अन्य सामान को भी अपने कब्जे में ले लिया। इस मामले में थाना दुधारा में मुकदमा संख्या 453/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## 610वें उर्स में अकीदत के साथ अदा हुई गागर की रस्म, महफिल-ए-समा में देश के नामवर कव्वालों ने बांधा समां



फतेह खान वेलकम इंडिया

**रुदौली/अयोध्या।** हजरत मखदूम अहमद अब्दुल हक रुदौली शरीफ के 610वें उर्स-ए-शेखुल आलम के अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सूफियाना कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम चार बजे मखदूम साहब के पैतृक निवास पर पारंपरिक तरीके से सज्जादा नशीन शाह मोहम्मद अली आरिफ उर्फ सुब्बू मियां, हक फाउंडेशन के सदर शाह आमिर तबरेज की सरपरस्ती में गागर भरने की रस्म अदा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने पूरे अकीदत और एहतराम के साथ गागर भरी तथा अपनी-अपनी मन्नतों और मुरादों के पूरा होने की दुआएं मांगीं। गागर की रस्म में शामिल होने के लिए अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने पूरी श्रद्धा के साथ इस पारंपरिक रस्म में हिस्सा लिया। वहीं, रात दो बजे गागर शरीफ पर दूसरे कुल का आयोजन किया गया। वहीं, महफिल-ए-समा में सूफियाना कलाम का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। हिंदी, उर्दू और फारसी के कलाम पेश किए गए। देश के नामवर कव्वालों ने अपनी शानदार सूफियाना कव्वालियों से मौजूद अकीदतमंदों और जायरीनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरी महफिल में रूहानी और खुशनुमा माहौल बना रहा। दरगाह परिसर में देर रात तक अकीदतमंदों की आवाजाही और कार्यक्रमों की रौनक बनी रही।

## हथियारों के बल पर शराब ठेके से दो लाख लूटने का आरोप



वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू स्थित देशी शराब के ठेके पर दो बाइकों पर सवार होकर पहुंचे चार युवकों पर हथियारों के बल पर सेल्समैन से मारपीट कर करीब दो लाख रुपये लूटने का आरोप लगा है। आरोपियों ने सेल्समैन का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। पीड़ित ठेका अनुज्ञापी ने थाना पुलिस सहित जिलाधिकारी शामली से शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराने, आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा की गुहार लगाई है।मुजफ्फरनगर जनपद के थाना तितावी क्षेत्र के गांव पीपलहेड़ा निवासी जसवीर सिंह ने बताया कि वह गाव गंगेरू में देशी शराब के ठेके का अनुज्ञापी है। ठेके पर उसका पुत्र दिग्विजय सेल्समैन का कार्य करता है। आरोप है कि 23 नवंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे दो बाइकों पर सवार होकर चार युवक ठेके पर पहुंचे। आरोपियों ने हथियारों के बल पर उसके पुत्र के साथ मारपीट की और दो दिन की बिक्री के करीब दो लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। जाते समय आरोपियों ने उसके पुत्र का मोबाइल भी तोड़ दिया। पीड़ित ने गाव गढ़ी श्याम निवासी चार लोगों के खिलाफ शिकायत की है। जिलाधिकारी ने संबंधित पुलिस विभाग को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह का कहना है की शिकायत मिली है, मामले में आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक के सामने अचानक आया कुत्ता, टक्कर लगने से युवक घायल



वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग पर बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ जाने से हादसा हो गया। कुत्ते से टकराकर बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी अल्ताफ बुधवार को बाइक पर सवार होकर कांधला की ओर आ रहा था। बताया गया कि जैसे ही वह गांव गंगेरू के निकट पहुंचा तो अचानक एक कुत्ता उसकी बाइक के सामने आ गया। बाइक की कुत्ते से टक्कर होने के कारण वह अनियंत्रित होकर गिर गई और अल्ताफ घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल युवक को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। सरकारी चिकित्सक रजत चौहान ने बताया कि घायल के पैर में फ्रैक्चर होने के कारण उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## स्कूल के बाहर दो छात्रों में मारपीट, दोनों घायल, पुलिस जांच में जुटी

**कांधला।** कस्बे में एक निजी स्कूल के बाहर दो छात्रों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों छात्र घायल हो गए। दोनों पक्षों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।कस्बा निवासी दसवीं कक्षा के छात्र रिहान ने बताया कि वह कस्बे के बाईपास मार्ग स्थित एक स्कूल में पढ़ता है। बुधवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कूल में पढ़ने वाला आठवीं कक्षा का छात्र अर्श अपने दोस्त के साथ झगड़ा कर रहा था। आरोप है कि जब वह अपने दोस्त को छुड़ाने के लिए मौके पर पहुंचा तो अर्श ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। वहीं, दूसरी ओर छात्र अर्श ने भी रिहान सहित कई युवकों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर अपना मेडिकल परीक्षण करने के बाद कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों घायल छात्रों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया



वेलकम इंडिया/मोहसिन रहमानी

**कांधला।** एसपी शामली के निर्देश पर वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुरतान निवासी सेठपाल और राजकुमार को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में मुकदमे दर्ज हैं। मुकदमों से संबंधित कार्रवाई के दौरान दोनों आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। इस पर न्यायालय की ओर से उनके खिलाफ वारंट जारी किए गए थे। वारंट जारी होने के बाद पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# श्रीराम मशीनरी मार्केट में भक्ति, संस्कृति और सम्मान का संगम, छह विभूतियों को मिला 'काशी गौरव सम्मान-2026'

## ब्रह्म बाबा के भव्य भंडारे और महाआरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां; सामाजिक योगदान के लिए छह विशिष्ट व्यक्तित्व सम्मानित

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह





**वाराणसी।** मलदहिया स्थित श्रीराम मशीनरी मार्केट में भक्ति, संस्कृति, सामाजिक समरसता और सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिला। अवसर था ब्रह्म बाबा के भव्य भंडारे, विशेष महाआरती और सांस्कृतिक समारोह का, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। समारोह का मुख्य आकर्षण समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली काशी की छह विशिष्ट विभूतियों को 'काशी गौरव सम्मान-2026' प्रदान कर सम्मानित करना रहा। परमपूज्य संत भारत भूषण जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की आध्यात्मिक गरिमा को और बढ़ाया। श्रीराम मशीनरी मार्केट की पहचान केवल एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र के रूप में ही नहीं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी स्थापित है। जल एवं विद्युत ऊर्जा से जुड़े व्यवसायों के प्रमुख केंद्र इस मार्केट में वर्षभर विभिन्न धार्मिक आयोजन, भंडारे, महाआरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक समागम आयोजित किए जाते हैं। व्यापारिक गतिविधियों के साथ सामाजिक सरोकारों, सेवा भावना और काशी की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने की प्रतिबद्धता यहां विशेष रूप से दिखाई देती है।

समारोह में समाजसेवा, शिक्षा, कला, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली छह विभूतियों को सम्मानित किया गया। सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा महापुरुषों की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने में योगदान के लिए श्री नारायण खेमका को सम्मानित किया गया। वहीं, बेटी बचाओ अभियान के क्षेत्र में सक्रिय योगदान के लिए डॉ. शिप्राधर, शिक्षा के प्रसार तथा घायल, असहाय और बीमार पशु-पक्षियों की सेवा के लिए समर्पित समाजसेवी आभा सिंह को सम्मान प्रदान किया गया। कला और शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करने वाले उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष तथा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के ललित कला विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा को भी सम्मानित किया गया। अपने क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों और उल्लेखनीय योगदान के लिए राजेश शुक्ला तथा जय श्री कृष्णा (जेएसके) फाउंडेशन के संस्थापक संजीव अग्रवाल को 'काशी गौरव सम्मान-2026' प्रदान किया गया।

डॉ. सुनील कुमार विश्वकर्मा का कला जगत में योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। उनके रेखाचित्रों का अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में रामलला की प्रतिमा के शिल्प निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वहीं, संजीव अग्रवाल के नेतृत्व में मात्र सात साथियों के साथ शुरू हुई जेएसके फाउंडेशन की सामाजिक पहल आज 5100 से अधिक सदस्यों और 17 सक्रिय चैप्टर्स वाले व्यापक संगठन का रूप ले चुकी है। फाउंडेशन द्वारा संचालित विद्यादान स्कॉलरशिप के माध्यम से 205 बेटियों की शिक्षा में सहयोग दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त संगठन विभिन्न सामाजिक और जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्म बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना और भव्य महाआरती संपन्न हुई। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री अमलेश शुक्ला और उनकी टीम ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति, सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का संदेश प्रमुखता से दिखाई दिया।

समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन मंत्री रविन्द्र जायसवाल, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्रा 'दयालु', विधायक सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. राजेन्द्र बहादुर सिंह, मोतीलाल एडवोकेट, पुलकित अग्रवाल, अनिल सिंह, वेद अग्रवाल, रतन जायसवाल, गणेश चौबे और राजेन्द्र जायसवाल सहित व्यापारिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, कोषाध्यक्ष दिलीप अग्रहरि, वेद अग्रवाल, राजेश जायसवाल और रतन जायसवाल ने अतिथियों एवं सम्मानित विभूतियों का स्वागत किया।

# गांव ईसापुर में किसान दिवस का आयोजन, अनुपस्थित अधिकारियों पर डीएम ने लगाया जुमार्ना






वेलकम इंडिया संवाददाता

**मोदीनगर।** ब्लॉक भोजपुर के ईशापुर गांव में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम और सीडीओ ने किसानों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों से शिकायतों पर हुई कार्रवाई की जानकारी ली। किसान दिवस दोपहर 2 बजे तक चला।

किसानों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। इस दौरान पहले हुए किसान दिवस में दर्ज 25 शिकायतों पर भी चर्चा की गई। इनमें खराब सड़कें और गांवों के टूटे संपर्क मार्गों की समस्याएं शामिल थीं।

इस मौके पर गैर हाजिर अधिकारियों में सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता पर डीएम ने 11000 में गन्ना अधिकारी पर 21000 यानी की कुल मिलाकर 32000 का जुमार्ना ठोका साथ ही शासन को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

किसानों ने कहा कि सड़कों की खराब हालत से ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी होती है। उन्होंने सड़कों की मरम्मत की मांग की। किसानों ने रजवाहों और माइनरों की सफाई का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना था कि सिंचाई विभाग नहरों और माइनरों की ठीक से सफाई नहीं कराता। इससे पानी रजवाहों के आखिरी छोर तक नहीं पहुंचता और खेतों की सिंचाई में परेशानी होती है। किसानों ने सफाई में लापरवाही न करने और रजवाहों के आखिरी छोर तक पानी पहुंचाने की मांग की।

# मोदीनगर में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 6 दिसंबर को

वेलकम इंडिया संवाददाता




**मोदीनगर।** राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ, मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय महिला एकता संघर्ष संगठन के की पदाधिकारियों ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि आगामी 6 दिसंबर को पतंजलि वेलनेस सेंटर, सीकरी गांव के सामने, मोदीनगर में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

पत्रकारों को जानकारी देते हुए राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आर.डी. शर्मा ने बताया कि आगामी 6 दिसंबर, दिन रविवार को दोपहर 2:00 बजे आयोजित कार्यक्रम में समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाले भाई-बहनों को उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप, मोदीनगर विधानसभा की विधायक डॉ. मंजू सिवाच एवं पूर्व विधायक सुदेश शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की संयोजिका एवं राष्ट्रीय महिला एकता संघर्ष संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष तीशा गोस्वामी ने बताया कि यह कार्यक्रम भव्य एवं विशाल स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

मोदीनगर ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाले भाई-बहनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था महिलाओं के पारिवारिक विवादों को सुलझाने, परिवारों को टूटने से बचाने तथा महिलाओं को उचित मार्गदर्शन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि किसी का घर न टूटे और सभी परिवार आपसी प्रेम एवं खुशहाली के साथ जीवन व्यतीत करें।

इस मौके पर सोनिया त्यागी, नीरज चौधरी, वंदना गर्ग, वंदना सिंह, सविता सिंह, महेश तायल, लाल जी, डॉ. पवन सिंघल, मनोरमा शर्मा, नीलम वर्मा, मनीष सेठ, बिंदु त्यागी, शैली त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# 110 रोडवेज चालक-परिचालकों की आंखों की जांच, छह में मोतियाबिंद तो दो में मिला काला पानी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत वाहन चालकों की सेहत और सुरक्षित सफर को लेकर स्वास्थ्य जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पखवाड़े के दसवें दिन बुधवार को कौशांबी रोडवेज बस अड्डे पर चालक और परिचालकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 110 चालक-परिचालकों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 12 लोगों में दृष्टि दोष, छह में मोतियाबिंद और दो में काला पानी (ग्लूकोमा) की समस्या सामने आई। आंखों से संबंधित बीमारियों का पता चलने पर चिकित्सकों ने संबंधित कर्मचारियों को आगे का उपचार और आवश्यकतानुसार ऑपरेशन कराने की सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग के सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पंकज राकेश ने बताया कि शिविर में इंदिरापुरम स्थित निजी अस्पताल के चिकित्सकों और नेत्र परीक्षण विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। आंखों की जांच के साथ ही चालक-परिचालकों का मधुमेह और रक्तचाप भी जांचा गया। जिन कर्मचारियों की आंखों में परेशानी पाई गई, उन्हें समय रहते उपचार कराने के लिए जागरूक किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि वाहन चलाते समय आंखों की रोशनी और सही दृष्टि बेहद जरूरी है। दृष्टि दोष या आंखों की गंभीर बीमारी होने पर चालक को सड़क पर चल रहे वाहनों, संकेतकों और अन्य बाधाओं को पहचानने में परेशानी हो सकती है।

# आरइआरए व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली में आरइआरए के मुद्दों एवं इसके ढाँचे को और मजबूत बनाने के संबंध में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता सतेंद्र सिंह, सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने की। इस अवसर पर रविकांत सिंह, आईएएस, संयुक्त सचिव (हाउसिंग एवं एचएफए), तथा एच.सी. मंडल, उप सचिव (हाउसिंग) सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी प्रतिनिधिमंडल में लाल चंद शर्मा चेयरमैन, बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, संजय कुमार त्यागी उपाध्यक्ष, आनंद जे. गुप्ता - चेयरपर्सन, हाउसिंग एवं एफएफ्ब कमेटी एवं पूर्व उपाध्यक्ष, संजय चौधरी हेड, गवर्नमेंट कम्युनिकेशन एवं कोऑर्डिनेटर, बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया। बैठक में एफएफ्ब के प्रभावी क्रियान्वयन, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, अटकी हुई परियोजनाओं को पुनर्जीवित करने, परियोजनाओं की निगरानी, प्रवर्तन एवं डिजिटल व्यवस्था को मजबूत बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से आनंद जे. गुप्ता ने संगठन के सुझाव एवं विस्तृत प्रतिवेदन मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सरकार और निर्माण एवं रियल एस्टेट उद्योग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो तथा घर खरीदारों के हितों की रक्षा के साथ निर्माण क्षेत्र के विकास को भी गति मिले।

# मधुबन बापूधाम के हाईराइज भवनों की चमकेगी सूरत, रखरखाव पर जीडीए खर्च करेगा 20.41 करोड़

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम स्थित गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के हाईराइज भवनों की सूरत बदलने और वहां रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू हो गई है। प्राधिकरण भवनों की रंगाई-पुताई, मरम्मत और रखरखाव पर 20.41 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसके लिए जीडीए ने एजेंसी के चयन को लेकर टेंडर जारी कर दिया है। चयनित एजेंसी को भवनों के बाहरी और आंतरिक हिस्सों की रंगाई-पुताई के साथ मरम्मत तथा सामुदायिक सुविधाओं के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस कार्य के अंतर्गत जीएच-3 और जीएच-4 के अलावा पॉकेट-सी तथा समाजवादी आवास योजना के पॉकेट-एफ में भी काम कराया जाएगा। हाईराइज भवनों के बेसमेंट, भूतल से लेकर ऊपरी मंजिल तक रंगाई-पुताई और जरूरी मरम्मत की जाएगी। इसके साथ ही परिसर में उपलब्ध साझा सुविधाओं का रखरखाव भी एजेंसी के जिम्मे रहेगा। इस पूरी व्यवस्था के लिए दो वर्ष की समयसीमा निर्धारित की गई है। जीडीए की ओर से जारी निविदा के अनुसार इच्छुक एजेंसियां 15 दिसंबर शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकेंगी।

# विधि संकाय के विद्यार्थियों ने किया थाना मोदीनगर का शैक्षणिक भ्रमण



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर( वेलकम इंडिया)।** डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय, मोदीनगर के विधि संकाय द्वारा विद्यार्थियों के लिए थाना मोदीनगर का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुलिस प्रशासन एवं आपराधिक न्याय व्यवस्था की वास्तविक कार्यप्रणाली से अवगत कराना था।

भ्रमण के दौरान थाना मोदीनगर के पुलिस अधिकारी इंस्पेक्टर थाना प्रभारी आनंद प्रकाश मिश्र ने विद्यार्थियों को पुलिस थाने की कार्यप्रणाली, प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज करने की प्रक्रिया, विवेचना, पुलिस अभिलेखों के रखरखाव तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न कानूनी एवं व्यावहारिक पहलुओं को समझाते हुए विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ पुलिस एवं आपराधिक न्याय प्रशासन की वास्तविक कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर मिला।

विश्वविद्यालय का उद्देश्य इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में व्यावहारिक कानूनी ज्ञान, विधिक जागरूकता एवं व्यावसायिक दक्षता का विकास करना है।

इस अवसर पर विधि संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन विश्वास एवं अजय कुमार जनसम्पर्क अधिकारी तरुण कुमार उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

# दिनेश कुमार गोयल निर्विरोध बने श्री सनातन धर्म इंटर कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** श्री सनातन धर्म इंटर कॉलेज गाजियाबाद की प्रबंध समिति के चुनाव में बुधवार को शहर के प्रमुख शिक्षाविद, समाजसेवी एवं विधान परिषद सदस्य दिनेश कुमार गोयल को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चुनाव में सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न होने के साथ ही नई प्रबंध समिति का गठन हो गया। नई समिति में अनुभवी शिक्षाविदों और प्रतिष्ठित उद्योगपतियों को जिम्मेदारी मिलने से कॉलेज के प्रबंधन एवं शैक्षिक व्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। चुनाव में प्रमुख उद्योगपति बिजेंद्र कुमार को प्रबंधक निर्वाचित किया गया, जबकि उद्योगपति आदित्य गर्ग को उपप्रबंधक की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य विजय कुमार अग्रवाल को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके अलावा अरुण कुमार गर्ग, दिनेश गर्ग, शरद कुमार गर्ग, अमित कुमार सिंघल एवं राजीव कुमार मंगल को प्रबंध समिति का सदस्य चुना गया। सभी पदाधिकारियों के निर्वाचन के साथ ही कॉलेज की नई प्रबंध समिति ने अपना स्वरूप प्राप्त कर लिया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार गोयल का निर्विरोध निर्वाचन महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण, नागरिकों को मतदान प्रक्रिया समझाने के दिए निर्देश




वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मॉदड़ ने विधानसभा क्षेत्र 56-गाजियाबाद एवं जिला मुख्यालय पर स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का निरीक्षण किया।

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में स्थापित इस केंद्र का उद्देश्य नागरिकों को ईवीएम की कार्यप्रणाली से अवगत कराना और मतदान के प्रति जागरूक करना है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया और रजिस्टरों की जांच की। उन्होंने संबंधित कार्मिकों से प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि केंद्र पर आने वाले प्रत्येक नागरिक को ईवीएम संचालन और मतदान प्रक्रिया की सरल भाषा में जानकारी दी जाए। साथ ही प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों का विवरण नियमित रूप से रजिस्टर में दर्ज किया जाए।

इस दौरान केंद्र पर पहुंचे नागरिकों ने ईवीएम के माध्यम से ट्रायल मतदान कर प्रक्रिया को समझा। जिलाधिकारी ने जागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया।

# संविधान की शक्ति और लोकतंत्र का संदेश देंगे डॉ. सुधांशु त्रिवेदी

## मॉडर्न कॉलेज ऑफ लॉ में होगा विशेष आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** संविधान दिवस के अवसर पर मॉडर्न कॉलेज ऑफ लॉ, मोहन नगर में आज यानी गुरुवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आनंद औद्योगिक क्षेत्र स्थित महाविद्यालय में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वह अपने संबोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की महत्ता, उसकी मूल भावना और लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की भूमिका से परिचित कराएंगे। महाविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस सभागार में सुबह 11 बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम का विषय 'भारतीय संविधान की भावना का उत्सव' रखा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों की गहरी समझ प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संविधान के मूल आदर्शों, सिद्धांतों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती में उनकी भूमिका पर विशेष चर्चा होगी।

# क्रिटिकल मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर करें चिह्नांकन, 10 दिसंबर तक देनी होगी रिपोर्ट

## निर्वाचन तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक, लापरवाही पर दी कार्रवाई की चेतावनी





वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** आगामी निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में बुधवार को आईटीएस, मोहन नगर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त राज करन नैय्यर सहित प्रशासनिक अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस सेक्टर अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में क्रिटिकल मतदान केंद्रों, वल्नरेबल क्षेत्रों एवं मतदान स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर चिह्नांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्थानीय परिस्थितियों का गहनता से आकलन कर वास्तविक स्थिति के आधार पर तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार करें। निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों और संभावित चुनौतियों की पहचान पहले से की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी अधिकारियों को 10 दिसंबर 2026 तक निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली, रैंप और दिव्यांग मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का सत्यापन कर कमियों को समय से दूर कराने को कहा।

# कौशांबी में आरोग्य फिजियोथेरेपी एंड नेचुरल थेरेपी क्लिनिक का शुभारंभ




वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** कौशांबी के उदयगिरि टावर में बुधवार को आरोग्य फिजियोथेरेपी एंड नेचुरल थेरेपी क्लिनिक का भव्य उद्घाटन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, पार्षद कुसुम गोयल और पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर क्लिनिक का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियों की मौजूदगी रही। क्लिनिक शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को फिजियोथेरेपी और प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ नागरिकों की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची में अपना और परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम दर्ज कराने पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहें और पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं।

# प्रदूषण नियंत्रण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, परिवहन आयुक्त ने अधिकारियों को दी सख्त हिदायत

## साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र से सिद्धार्थ विहार तक किया निरीक्षण, क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत और पौधरोपण के निर्देश





वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर परिवहन आयुक्त एवं जनपद के नोडल अधिकारी आशुतोष निरंजन ने मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि प्रदूषण नियंत्रण के कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को अपने विभागीय कार्यों की नियमित निगरानी स्वयं करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों और यूपीसीडा के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निमार्णाधीन कार्य शीघ्र पूरे कराने और क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए।

इसके बाद सिद्धार्थ विहार में बिना पक्की सड़कों की स्थिति देखकर आवास विकास परिषद के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर सुधार कराने को कहा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी रविंद्र



कुमार मॉदड़, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक सिंघनवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सड़क निर्माण, धूल नियंत्रण और प्रदूषण रोकने के उपायों की समीक्षा की गई।

आशुतोष निरंजन ने औद्योगिक इकाइयों और वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण, पेट्रोल पंपों के आसपास प्रदूषण जांच केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर कार्रवाई तथा खाली जमीनों पर वन विभाग के सहयोग से पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं की वास्तविक स्थिति समझकर व्यावहारिक कार्ययोजना बनाई जाए और सभी कार्य समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

# सुरक्षित सफर के लिए चालकों की सेहत और आंखों की जांच, कौशांबी बस अड्डे पर लगा शिविर

## स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर में बस चालकों और परिचालकों की हुई जांच, मोतियाबिंद व ग्लूकोमा की भी हुई स्क्रीनिंग






वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत बुधवार को दसवें दिन कौशांबी स्थित यूपीएसआरटीसी बस अड्डे पर बस चालकों एवं परिचालकों के लिए स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन वैश्य के मार्गदर्शन और सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी डॉ. पंकज राकेश के नेतृत्व में आयोजित शिविर में शार्प आई सेंटर, इंदिरापुरम के चिकित्सकों ने चालकों व परिचालकों का सामान्य स्वास्थ्य और आंखों का परीक्षण किया। इस दौरान मोतियाबिंद और ग्लूकोमा जैसी बीमारियों की भी जांच की गई। कौशांबी डिपो के एआरएम अंशु भटनागर ने भी अपना स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण कराया। शार्प आई सेंटर के हेड कंसल्टेंट ऑप्टोमेट्रिस्ट यतेंद्र राणा ने कहा कि सुरक्षित सड़क परिवहन के लिए वाहन चालकों का स्वस्थ होना और उनकी दृष्टि बेहतर होना बेहद जरूरी है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे शिविरों में सहयोग का आश्वासन दिया। शिविर का उद्देश्य चालकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना रहा।

# जनसुनवाई में गूंजी फरियादियों की आवाज, अधिकारियों ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश



वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के उच्चाधिकारियों ने जनसुनवाई की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। अधिकारियों ने संबंधित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए अधीनस्थ अधिकारियों एवं संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर पीड़ितों को न्याय दिलाने तथा प्रत्येक मामले में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# आईआईटी दिल्ली की तकनीक से निखरेगी एसडीजीआई के विद्यार्थियों की प्रतिभा, विश्वविद्यालय ने किया अहम करार

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** उच्च शिक्षा को आधुनिक तकनीक और व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने की दिशा में एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय ने 4 नवंबर को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली की वर्चुअल लैब्स के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आधुनिक आभासी प्रयोगशालाओं के माध्यम से तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। खास बात यह है कि विद्यार्थी अब केवल कक्षा में सैद्धांतिक पढ़ाई तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि प्रयोगों और आभासी अभ्यास के जरिए तकनीकी विषयों को गहराई से समझ सकेंगे। इस



समझौते का मुख्य उद्देश्य कक्षा में मिलने वाले सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक प्रयोगात्मक अनुभव के बीच की दूरी को कम करना है।

इसके तहत विद्यार्थियों और शिक्षकों को वर्चुअल लैब्स के विभिन्न संसाधनों तक पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी। इससे कंप्यूटर अनुप्रयोग, सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सॉफ्टवेयर विकास और उभरती तकनीकों से जुड़े विषयों को प्रयोग एवं अनुकरण आधारित अभ्यास के माध्यम से सीखना आसान होगा। समझौते के तहत विद्यार्थियों को आभासी प्रयोगशाला के वातावरण में विभिन्न प्रयोग करने और तकनीकी अवधारणाओं को स्वयं समझने का अवसर मिलेगा। इससे उनकी विषयों पर पकड़ मजबूत होने के साथ समस्या समाधान, तकनीकी दक्षता और नवाचार की क्षमता भी विकसित होगी। विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार और अपनी गति से अध्ययन कर सकेंगे। इस पहल से स्व-अध्ययन को भी बढ़ावा मिलेगा। विश्वविद्यालय का मानना है कि तकनीक आधारित यह शिक्षण व्यवस्था विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए अधिक सक्षम बनाने में मददगार साबित होगी। इस सहयोग का लाभ केवल विद्यार्थियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शिक्षकों को भी आधुनिक शिक्षण संसाधनों का उपयोग करने का अवसर मिलेगा। आभासी प्रयोगों और अनुकरण आधारित गतिविधियों के माध्यम से शिक्षक जटिल विषयों को सरल एवं प्रभावी तरीके से समझा सकेंगे। इससे पढ़ाई को अधिक रुचिकर, उपयोगी और रोजगारोन्मुख बनाने में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स के प्रयासों को भी इस समझौते से नई मजबूती मिलेगी।

# लग्जरी कार का सौदा कर 24 लाख रुपये हड़पे, महिला समेत दो पर मुकदमा

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन में लग्जरी कार बेचने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 24 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक महिला समेत दो लोगों ने खुद को कार का मालिक और कंपनी का निदेशक बताकर पीड़ित को विश्वास में लिया। 26 लाख रुपये में सौदा तय होने के बाद आरोपियों ने 19 लाख रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर करा लिए और पांच लाख रुपये नकद ले लिए। रकम मिलने के बाद न तो कार की डिलीवरी दी और न ही उसके मूल दस्तावेज उपलब्ध कराए। पीड़ित की शिकायत पर नंदग्राम पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजनगर एक्सटेंशन की मैया मार्बल सोसायटी निवासी रोहित कुमार ने एसीपी नंदग्राम को दी शिकायत में बताया कि रवि गहलोत और रिया कनौजिया उनके फ्लैट पर पहुंचे थे। दोनों ने लग्जरी कार बेचने की इच्छा जताई और खुद को वाहन का मालिक बताते हुए एक वीडियो और कुछ दस्तावेज दिखाए। बातचीत के बाद कार का सौदा 26 लाख रुपये में तय हो गया। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने अपनी कंपनी व्हील्स फॉर यू रेंटल सर्विस प्राइवेट लिमिटेड का बैंक खाता दिया। दोनों ने खुद को कंपनी का निदेशक बताया। उनके कहने पर रोहित ने 19 लाख रुपये कंपनी के खाते में ट्रांसफर कर दिए, जबकि पांच लाख रुपये नकद दे दिए। इस तरह कुल 24 लाख रुपये आरोपियों को सौंप दिए गए। रकम देने के बाद रोहित ने कई बार कार की डिलीवरी, मूल दस्तावेज और बिक्री पत्र मांगा, लेकिन आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे।

# घर-घर पहुंचकर मतदाता सूची का सत्यापन, एसडीएम कोमल पंवार ने जांचे बीएलओ के रजिस्टर पात्र मतदाताओं

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम के तहत मोदीनगर में मतदाता सूची के सत्यापन कार्य का उप जिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) कोमल पंवार ने निरीक्षण किया। उन्होंने घर-घर भ्रमण अभियान के दौरान बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के कार्यों की समीक्षा की और उनके रजिस्टरों की जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार सत्यापन कार्य पारदर्शिता और गंभीरता से पूरा करने के निर्देश दिए।




एसडीएम ने नागरिकों से अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना और परिवार के सभी पात्र सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। नाम दर्ज नहीं होने या विवरण में त्रुटि मिलने पर संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सुधार कराएं। उन्होंने बताया कि ईसीआईनेट (ECINET) ऐप के माध्यम से घर बैठे भी नाम जांचने, नया नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और नाम हटाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

# करोड़ों की संपत्ति और दो करोड़ के बीमा के लालच में पति को देती रही धीमा जहर, पत्नी गिरफ्तार




वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना पुलिस ने पति, बेटे और भांजे को धीमा जहर (लीड पॉइजन) देकर जान से मारने की कोशिश के मामले में वांछित महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रेनू भटनागर (42) पत्नी सुशील भटनागर निवासी झिलमिल कॉलोनी, दिल्ली के रूप में हुई है। मामले में 24 सितंबर 2026 को वसुंधरा निवासी सुशील कुमार भटनागर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में पत्नी और उसके परिवारजनों पर उन्हें, उनके बेटे वंश और भांजे देव को धीमा जहर देने का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने जांच के बाद 23 नवंबर को रेनू भटनागर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि उसके पति की करीब पांच से छह करोड़ रुपये की ट्रैवल एजेंसी है और उनके नाम दो करोड़ रुपये का बीमा है, जिसकी वह नॉमिनी है। पुलिस के अनुसार, संपत्ति और बीमा की रकम हासिल करने के लालच में उसने पति समेत अन्य लोगों को धीमा जहर देने की बात स्वीकार की है। पुलिस आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# शांति नगर की सीवर व्यवस्था पर खर्च होंगे 4.23 करोड़, 6,385 मीटर लंबी सीवर लाइन बिछाने का काम शुरू

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** नगर निगम के विजय नगर जोन के वार्ड संख्या-27 स्थित शांति नगर की विभिन्न गलियों में सीवर व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 4.23 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य का शिलान्यास किया गया। परियोजना के तहत क्षेत्र में 450 एमएम की 400 मीटर और 300 एमएम की 5,985 मीटर एनपी-3 सीवर लाइन बिछाई जाएगी। इसके अलावा कुल 2,000 सीवर संयोजन भी किए जाएंगे।

इस परियोजना के पूरा होने से शांति नगर की सीवर व्यवस्था मजबूत होगी और स्थानीय निवासियों को जलनिकासी, सीवर ओवरफ्लो तथा गंदगी की समस्या से राहत मिलेगी।

नगर निगम की इस पहल से क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही लोगों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। विकास कार्य से लंबे समय से सीवर संबंधी समस्याओं का समाधान होने की उम्मीद है।




# हर बुधवार थानों में लगा वादी संवाद दिवस, 180 फरियादियों से पुलिस ने किया सीधा संवाद

## विवेचनाओं की प्रगति बताकर पुलिस ने दूर की वादियों की शंकाएं, पारदर्शी और त्वरित न्याय दिलाना पहल का उद्देश्य









वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त के निर्देशन में जनता को त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाने के उद्देश्य से कमिश्नरेट गाजियाबाद में वादी संवाद नीति के तहत बुधवार को सभी थानों में वादी संवाद दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान नगर जोन में 48, ट्रांस हिंडन जोन में 87 और ग्रामीण जोन में 45 सहित कुल 180 वादियों ने थानों पर पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से संवाद किया। कार्यक्रम में विवेचनाधीन एफआईआर, एनसीआर और गुमशुदगी के मामलों से संबंधित वादियों को आमंत्रित कर विवेचकों ने उन्हें जांच की वर्तमान स्थिति और प्रगति की जानकारी दी। साथ ही वादियों के सवालों का तथ्यात्मक और संतोषजनक जवाब देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में शुरू की गई यह पहल पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस का उद्देश्य प्रत्येक वादी को उसके प्रकरण की सही जानकारी समय पर उपलब्ध कराकर न्याय प्रक्रिया के प्रति विश्वास मजबूत करना है।

# पांच एसीपी को मिली नई जिम्मेदारी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** पांच एसीपी के दूसरे जिलों में तबादले के बाद पुलिस कमिश्नरेट में कार्यक्षेत्रों और विभागीय जिम्मेदारियों का नए सिरे से बंटवारा कर दिया गया है। पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड ने दूसरे चरण में पांच एसीपी को नई जिम्मेदारियां सौंपने के साथ ही कई महत्वपूर्ण विभागीय शाखाओं का अतिरिक्त प्रभार भी निर्धारित किया है। नई व्यवस्था के तहत नवागत एसीपी इमरान अहमद को नंदग्राम सर्किल की कमान सौंपी गई है। इसके साथ ही उन्हें भवन एवं आधारभूत संरचना का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं, ओंकार दत्त त्यागी को एसीपी लोनी बनाया गया है। रामकिशन को एसीपी यातायात द्वितीय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यातायात व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए अजय कुमार को एसीपी यातायात प्रथम नियुक्त किया गया है। उनके पास एसीपी सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। दूसरी ओर, एक दिन पहले एसीपी इंदिरापुरम बनाए गए अभय राजेंद्र डागा को अब पुलिस लाइंस और यूपी-112 की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है। इस तरह उनके पास इंदिरापुरम सर्किल के साथ दो महत्वपूर्ण शाखाओं का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। इससे पहले पांच एसीपी के तबादलों के बाद पुलिस आयुक्त ने चार एसीपी के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किया था। उस व्यवस्था के तहत एसीपी कविनगर रहे अभय राजेंद्र डागा को इंदिरापुरम भेजा गया था।